इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति" ।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 44 अंक - 315 राजनांदगांव, रविवार 05 अक्टूबर 2025 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

# हर हाल में डालने होंगे हथियार, माओवादियों से नहीं होगी बातचीत, नक्सलियों को शाह की सख्त चेतावनी

**जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलियों को एक बार फिर सख्त चेतावनी दी है। गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलियों से बातचीत की संभावना से इनकार करते हुए कहा कि उन्हें हथियार डालने होंगे और सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीतियों को स्वीकार करना होगा।**

छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के मुख्यालय जगदलपुर में बस्तर दशहरा लोकोत्सव और स्वदेशी मेला को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि नक्सलवाद की समस्या को अलविदा कहने के लिए 31 मार्च, 2026 की समय सीमा तय की गई है।

### युवाओं को हथियार डालने के लिए करें प्रेरित- शाह

गृह मंत्री ने कहा कि मैं सभी आदिवासी भाइयों और बहनों से कहना चाहता हूँ कि अपने गाँवों के युवाओं को हथियार डालने के लिए प्रेरित करें। उन्हें हिंसा छोड़नी चाहिए, मुख्यधारा में शामिल होना चाहिए और बस्तर के विकास का हिस्सा बनना चाहिए। शाह ने चेतावनी दी कि अगर उग्रवादी बस्तर में शांति भंग करते हैं, तो सीआरपीएफ और छत्तीसगढ़ पुलिस सहित सुरक्षा बल उन्हें करारा जवाब देंगे।

### लाल आतंकसे मुक्ति के लिए प्रार्थना

शाह ने कहा कि उन्होंने यहाँ प्रसिद्ध माँ दंतेश्वरी मंदिर में दर्शन किए और प्रार्थना की कि सुरक्षा बलों को अगले साल 31 मार्च तक पूरे बस्तर क्षेत्र को लाल आतंक से मुक्त कराने की शक्ति मिले। 2023 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियान तेज़ हो गए हैं। सुरक्षा बलों ने पिछले साल जनवरी से अब तक बस्तर क्षेत्र में हुई कई मुठभेड़ों में 450 से ज़्यादा नक्सलियों को मार गिराया है।

### नक्सलियों से नहीं होगी कोई बात- शाह

शाह ने आगे कहा कि कुछ लोगों ने (नक्सलियों ) बातचीत की बात कही है। मैं एक बार फिर स्पष्ट कर दूँ कि छत्तीसगढ़ और केंद्र सरकार, दोनों बस्तर और सभी नक्सल प्रभावित इलाकों के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। अब बात करने की क्या बात है? एक आकर्षक आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति लागू की गई है। आगे आइए और अपने हथियार डाल दीजिए। उन्होंने कहा दिल्ली में कुछ लोग वर्षों से यह दुष्प्रचार करते रहे हैं कि नक्सलवाद का जन्म विकास की लड़ाई के लिए हुआ था। लेकिन मैं अपने आदिवासी भाइयों को यह बताने आया हूँ कि पूरा बस्तर विकास से वंचित रहा है। इसकी जड़ नक्सलवाद है।




### नक्सलवाद से किसी का भला नहीं होगा- शाह

अमित शाह ने कहा कि आज भारत के हर गाँव में बिजली, पीने का पानी, सड़कें, घरों में शौचालय, पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा और पांच किलो मुफ्त चावल पहुँच गया है, लेकिन बस्तर ऐसे विकास से वंचित रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने देश की सबसे अच्छी आत्मसमर्पण नीति बनाई है। एक ही महीने में 500 से ज़्यादा लोगों ने आत्मसमर्पण किया है। सभी को आत्मसमर्पण करना चाहिए। जैसे ही कोई गाँव नक्सल मुक्त होगा, राज्य सरकार उसे विकास के लिए एक करोड़ रुपये देगी। नक्सलवाद से किसी का भला नहीं होगा।

### मुरिया दरबार में भाग लेकर हुई अपार खुशी

अमित शाह ने 75 दिनों तक चलने वाले दशहरा उत्सव को दुनिया के सबसे लंबे और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक बताया, जो इस क्षेत्र की आदिवासी विरासत का सम्मान करता है। शाह ने कहा कि मैंने आज मुरिया दरबार में भाग लिया और मुझे अपार खुशी हुई। बस्तर संभाग के सभी (आदिवासी) समुदाय के नेता मौजूद थे और उन्होंने अपनी समस्याएँ साझा की। मैं दिल्ली जाकर सभी से कहूँगा कि वे कम से कम एक बार मुरिया दरबार ज़रूर देखें। 1874 से, यह सक्रिय भागीदारी, न्याय व्यवस्था, आदिवासी संस्कृति, विचारशील संवाद और लोगों की सहभागिता को दर्शाता रहा है।

### महतारी वंदन योजना की 20वीं किस्त जारी

इस अवसर पर, केंद्रीय गृह मंत्री ने राज्य की महतारी वंदन योजना की लगभग 65 लाख महिला लाभार्थियों के बैंक खातों में 1,000 रुपये की 20वीं मासिक किस्त जारी की। शाह ने आदिवासी बहुल बस्तर और सरगुजा संभागों के लिए मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा योजना का भी शुभारंभ किया।

# मुंबई के दूसरे हवाई अड्डे का शुभारंभ करेंगे पीएम मोदी, दिसंबर में शुरू होंगी वाणिज्यिक उड़ानें

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आठ अक्तूबर को नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का शुभारंभ करेंगे। यह हवाई अड्डा 19,647 करोड़ रुपये की लागत से बना है। महाराष्ट्र सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।



### मुंबई महानगर क्षेत्र का दूसरा हवाई अड्डा

अधिकारी ने बताया कि नए हवाई अड्डे से वाणिज्यिक उड़ानें दिसंबर में शुरू होंगी। यह हवाई अड्डा मुंबई महानगर क्षेत्र का दूसरा हवाई अड्डा होगा। पहला छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा है। इस नए हवाई अड्डे को 30 सितंबर को विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से उड़ान लाइसेंस मिल गया है।

### अदाणी समूह के 74 फीसदी हिस्सेदारी

यह परियोजना कई चरमों में विकसित की गई है। इसमें अदाणी समूह की 74 फीसदी हिस्सेदारी है और बाकी 26 फीसदी महाराष्ट्र सरकार की संस्था शहर और औद्योगिक विकास निगम (सीआईडीसीओ) के पास है।

### प्रधानमंत्री का क्या रहेगा कार्यक्रम

सीआईडीसीओ के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक विजय सिंघल ने बताया कि महाराष्ट्र का दूसरा हवाई अड्डा नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आठ अक्तूबर को करेंगे। सिंघल ने कहा कि प्रधानमंत्री करीब 2.40 बजे नवी मुंबई हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे और दो घंटे वहां रहेंगे। वह पहले टर्मिनल भवन का दौरा करेंगे। फिर वहां मौजूद लोगों को संबोधित करेंगे।

### आईएटीए ने हवाई अड्डे को दिया कोड नाम

नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संगठन (आईएटीए) ने एनएमआई कोड दिया है। एयर इंडिया ग्रुप, इंडिगो और अकासा जैसी घरेलू एयरलाइंस ने अपनी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# श्रीनगर पुलिस का एक्शनः पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड को झटका

नई दिल्ली। श्रीनगर पुलिस ने पहलगाम आतंकी हमले के मास्टरमाइंड सज्जाद अहमद शेख उर्फ सज्जाद गुल के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने इस आतंकी की दो करोड़ की कीमत वाले तीन मंजिला रिहायशी घर को कुर्क कर लिया है।



**2 करोड़ का घर कुर्क**

श्रीनगर पुलिस ने अधिकारिक बयान दिया है कि यह संपत्ति श्रीनगर के एचएमटी क्षेत्र में है। रोज एवेन्यू के खुशिपोरा एस्टेट में 15 मरला जमीन पर बना तीन मंजिला रिहायशी घर सज्जाद गुल के पिता गुलाम मोहम्मद शेख के नाम पर दर्ज था। इस घर को गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम की धारा 25 के तहत कुर्क किया गया है, जो कि अधिकारियों को ऐसी संपत्तियों को जब्त करने का अधिकार देती है, जिसका उपयोग आतंकवादी गतिविधियों के लिए किया गया हो या आतंकवाद के धन से बना हो। पुलिस ने बताया कि इस घर को कुर्क करने की पूरी कार्रवाई संबंधित कार्यकारी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में की गई है। श्रीनगर से स्कूल शिक्षा पूरी करने के बाद सज्जाद गुल ने बेंगलुरु से एमबीए किया था। इसके बाद केरल से लैब टेक्नीशियन का कोर्स किया। कश्मीर लौटने के बाद वो लश्कर ए तैयबा से जुड़ (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# चुनाव से पहले बिहार के युवाओं को पीएम मोदी का तोहफा, हर माह मिलेंगे 1000 रुपये; छात्रवृत्ति भी बढ़ी

नई दिल्ली। कौशल दीक्षांत समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को देश के युवाओं के लिए योजनाओं-परियोजनाओं के अनावरण की झड़ी लगाई तो चुनावी राज्य बिहार के युवा खास तौर पर सरकार के प्यार में सराबोर होते दिखाई दिए।



केंद्र-राज्य सरकार की तमाम योजनाओं का शुभारंभ करते हुए राज्य का अतीत याद दिलाते हुए राजद के शासनकाल को कुशासन बताया और नीतीश कुमार नेतृत्व वाली राजग सरकार की सराहना की।

### कांग्रेस पर पीएम मोदी का कटाक्ष

जननायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय का वर्चुअल उद्घाटन करते हुए बिना किसी का नाम लिए विपक्ष पर कटाक्ष किया- जरा चोकन्ने रहिए, ये जननायक पद कर्पूरी ठाकुर से ही है। आजकल लोग ये जननायक की भी चोरी करने में लगे हैं और इसलिए बिहार के लोगों से मैं जागृत रहने का आग्रह करूंगा कि हमारे कर्पूरी ठाकुर साहब का ये जनता द्वारा दिया गया सम्मान कोई चोरी न कर जाए। पीएम के कटाक्ष को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से जोड़ा जा रहा है, क्योंकि तमाम कांग्रेस नेताओं ने अब राहुल को जननायक की उपाधि दे दी है। पीएम मोदी ने कहा कि कुछ दिन पहले ही बिहार की बहनों के रोजगार और आत्मनिर्भरता से जुड़ा एक बहुत भव्य कार्यक्रम में मुझे शामिल होने का अवसर मिला था। आज बिहार के युवाओं के सशक्तीकरण का ये मेगा प्रोग्राम है। ये दिखाता है कि एनडीए सरकार बिहार के नौजवानों को, महिलाओं को कितनी प्राथमिकता दे रही है। आज बिहार के युवाओं के लिए भी इस मंच से अनेक योजनाएं और परियोजनाएं समर्पित हुई हैं। बिहार में नया कौशल विश्वविद्यालय, अन्य विश्वविद्यालयों में सुविधाओं (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# रायपुर में सराफा कारोबारी से लूटः बंदूक के बल पर दवा सुंघाकर बेहोश किया, हाथ-पैर बांधकर 86 किलो चांदी के गहने ले उड़े

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के सदर बाजार में दीपावली पर्व से पहले बड़ी वारदात हुई है। यहां एक सराफा कारोबारी को बंधक बनाकर बेहोश कर लुटेरों ने 86 किलो चांदी के गहने लूटकर फरार हो गए। लुटेरे पहले माले से रस्सी के सहारे उतरकर भागे हैं। इस दौरान शातिर लुटेरे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी लेकर भाग गए।



मिली जानकारी के अनुसार, यह पूरा मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। जहां पर अज्ञात बदमाशों ने सुबह- सुबह लूट की घटना को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि, शनिवार की सुबह दो नकाबपोश बदमाश सदर बाजार के जैन मंदिर के पीछे स्थित राजधानी पैलेस पहुंचे। इस दौरान दोनों के पास गन भी था। दोनों ने सराफा कारोबारी राहुल गोयल के फ्लैट में पहुंचकर दरवाजे को खटखटाया। इस दौरान राहुल गोयल ने जैसे ही दरवाजा खोला तो बदमाशों ने उनकी कनपटी पर बंदूक तान दी।

### 86 किलो चांदी लेकर भागे चोर

लुटेरों ने पहले सराफा कारोबारी की कनपटी पर गन रखी फिर दवा सुंघाकर बेहोश कर दिया था। साथ ही उसके हाथ-पैर भी बांध दिए थे। इसके बाद 86 किलो चांदी लेकर भाग गए। चांदी की कीमत 1 करोड़ 50 लाख रुपये बताई जा रही है। कारोबारी राहुल गोयल है जो यूपी के आगरा शहर के रहने वाले (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# छत्तीसगढ़ में बड़ा हादसाः हसदेव नदी में पांच डूबे... तीन लापता, पिकनिक मनाने पहुंचे थे सभी

जांजगीर चांपा। जांजगीर चांपा जिले के पंतोरा चौकी क्षेत्र के देवरी गांव स्थित हसदेव नदी में शनिवार शाम करीब 5 बजे नहाने गए पांच लोग नदी में डूब गए। जिसमें चार बिलासपुर और एक जांजगीर चांपा जिले के अकलतरा के रहने वाले युवक-युवती हैं। एक युवक और युवती ने किसी तरह से तैर कर सुरक्षित बाहर निकाल गया। जबकि तीन लोग अभी भी नदी में लापता हैं। नदी के बहाव से बाहर निकलने वालों में लक्ष्मी शंकर अकलतरा निवासी और मोनिका सिन्हा बिलासपुर की रहने वाली हैं। नदी में बहने वालों के नाम अंकुर कुशवाहा, स्वर्ण रेखा और आशीष भोई बताए जा रहे हैं। बलौदा तहसीलदार ने घटना की पुष्टि की है। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन की टीम और नगर सेना के गोताखोर दल मौके के लिए रवाना हो गए हैं। अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कतें आ रही हैं, लेकिन प्रशासन पूरी कोशिश में जुटा है।



# मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का शुभारंभः गृह मंत्री शाह ने दिखाई हरी झंडी, बोले- बस्तर और सरगुजा के सुदूर अंचल का होगा विकास

रायपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बस्तर में मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का किया शुभारंभ किया। जहां उन्होंने कहा कि, बस्तर से नक्सलवाद का अंत शीघ्र होगा और क्षेत्र में शांति स्थापित कर हम विकास के नए आयाम गढ़ेंगे। बस्तर और सरगुजा क्षेत्र के सुदूर अंचलवासी अब विकास से विश्वास तक की यात्रा में सहभागी बनकर विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएंगे।



केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास के लिए डबल इंजन की सरकार प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। लाल आतंक की समाप्ति प्रदेश के सुदूर इलाकों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ेगी। आज प्रारंभ हुई यात्री बस सेवा हमारे नागरिकों के जीवन में नई ऊर्जा का संचार करेगी। उन्होंने कहा कि अब 250 गांवों के लोग अपने निकटवर्ती शासकीय कार्यालयों, स्कूलों और अस्पतालों तक आसानी से पहुंच पाएंगे।

### सीएम ने क्षेत्रवासियों को दी बधाई

सीएम विष्णु देव साय ने क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि हमारी सरकार जनसुविधाओं को बढ़ाने के लिए तेजी से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का उद्देश्य यात्री बस सुविधा से वंचित गांवों में बसों का परिचालन सुनिश्चित करना है। इससे लोग कम लागत में अपने गंतव्य तक समय पर पहुंच सकेंगे। रोजमर्रा के कामकाज, शासकीय कार्यों और अन्य गतिविधियों में भी सहूलियत बढ़ेगी।

### परिवहन सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए शुरू की गई बस सेवा

उल्लेखनीय है कि ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में परिवहन सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना शुरू की गई है। इस महत्वाकांक्षी योजना का लक्ष्य उन गांवों तक बस सेवा पहुँचाना है, जहाँ अब तक सार्वजनिक परिवहन की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। इस पहल से ग्रामीणों को सुरक्षित, समयबद्ध और सुविधाजनक यात्रा का अवसर मिलेगा, जो उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। योजना के पहले चरण में बस्तर और सरगुजा संभाग को प्राथमिकता दी गई है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, मंहगाई व राजकीय सगावाद ने जेन-जी क्रान्ति को जन्म दिया!

**(दीपक बुद्धदेव)**

**विश्व के अनेक देशों में विभिन्न कारणों से चल रहे आंदोलनों ने खासकर फ्रान्स, श्रीलंका, नेपाल, पेरू, कन्या, मेडागास्कर में वहां की सरकारों को हिला कर रख दिया है। इनमें से श्रीलंका व नेपाल में तो सत्ता का परिवर्तन हो गया है।**

दुनिया के अनेक देशों में अत्याचार, अन्याय, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, मंहगाई जैसे मुद्दों ने युवा पीढ़ियों, नई पीढ़ियों को आक्रोशित कर दिया है। अपने आक्रोश को प्रथम सोशल मीडिया में व्यक्त किया और अब वे सड़कों पर उतर आए हैं। ऐसे आंदोलनों को जेन जी आंदोलन के नाम से जाना जा रहा है। जिसे गंभीरतापूर्वक प्रभावित देशों को लेना चाहिए। अन्यथा परिणाम प्रतिकूल आ सकते हैं। परिवर्तन की हवा आंधी का भी रूप ले सकती है।

धीरे-धीरे इस युवा क्रान्ति का रंग विविध देशों में भी देखने को मिल रहा है। श्रीलंका व नेपाल में कुछ समय पहले जो हुआ उसका असर पाकिस्तान में थोड़ा देखने को मिल था। नए देशों में पेरू और माडागास्कर में युवा शक्ति आदोलनरत है। माडागास्कर पूर्व में एक टापू देश था। वहां भी सत्ता परिवर्तन का शंखनाद हुआ और सत्ता परिवर्तन हुई। यहां विद्रोह में 22 लोगों की मौत हो गई थी। सरकार की जनविरोधी नीतियों से युवा आक्रोशित थे। युवाशक्ति अगर क्रांति में बदल जाती है, तो सत्ता परिवर्तन की गुंजाईश बढ़ जाती है। इसी के समानान्तर कुछ समय बाद पेरू में भी विद्रोह उत्पन्न हुआ था। जेन जी के द्वारा बैनर बनाकर सोशल मीडिया से शरू होकर मीम्स बनाकर सरकार मीडिया में बेन लगाया था। जिससे युवाओं का भड़कना स्वाभाविक था। युवावर्ग का आक्रोश भ्रष्टाचार, आर्थिक सुरक्षा और पेन्शन नियमों में सुधार के विरोध में सड़कों सुरक्षा और पेन्शन नियमों में सुधार के विरोध में सड़कों पर आंदोलन उग्र हो गया था।

वास्तव में वर्तमान में वास्तविक स्तर में इसी तरह की गतिविधियां देखने को मिल रही हैं। श्रीलंका, नेपाल, पेरू या फिर माडागास्कर में ही नहीं, दुनिया के अन्य देशों में भी कमोबेश यही स्थिति है। इंडोनेशिया, केन्या में भी युवावर्ग ने पहले डिजिटल प्लेटफार्म और फिर सड़कों में उग्र विरोध हो रहा है। चारों तरफ यहां हिंसा का माहौल है। युवाओं की सहनशीलता खत्म हो रही है। फलस्वरूप, राजकीय भूकंप की स्थिति निर्मित हुई है।

नेपाल में युवाओं ने कहा था कि बहुमत आने के बाद सत्तासीन नेता जनता को गुलाम मानती है और अघोषित व अदृश्य तौर तरीकों से जनता पर दमन करती हैं। जिसका ही परिणाम है कि उग्र जन आंदोलन सत्तासिनों को सत्ताच्युत करने विवश कर देता है। श्रीलंका व नेपाल में हुई जेन-जी क्रान्ति दुनिया में नए प्रकार की युवाक्रान्ति का बीजारोपण कर रही है।

नेपाल में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने से सरकार के आदेश के कारण युवावर्ग तिलमिला उठा था और हिंसक आंदोलन देखने को मिले। सरकार ने फेंक न्यूज और हेट स्पीच को कारण बताते हुए सोशल मीडिया में प्रतिबंध लगाया था। जिसकी भयानक प्रतिक्रिया ही थी कि, जनता भी युवा पीढ़ी के साथ मिलकर हिंसक हो उठी थी। सरकारी दफ्तर से, राजनीतिज्ञों के मकानों, न्यायालय के भवनों, संसद में घूसकर सब तहस नहस कर दिया था। हिंसा का तांडव ऐसा था कि नेताओं को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया था। नेपाल में सत्ता परिवर्तन की फलश्रुति के बाद कामचलाऊ सरकार स्थापित हुई तभी स्थिति सामान्य हुई थी। इसी की देखा देखी अन्य देशों में भी आक्रोशित युवाओं ने यही रास्ता अपनाया।

पिछले साल, अगस्त माह में बांगलादेश में जेन-जी आन्दोलन फुट पड़ा था। 76 वर्षीय बांग्लादेशी प्रधानमंत्री शेख हसीना को गुस्साएं लोगों के कारण वहां से भाग कर भारत में शरण लेनें मजबूर होना पड़ा था । शेख हसीना का 15 वर्षीय शासन एकाएक ध्वस्त हो गया था। वहां नाबेल विजेता मोहम्मद युनुस के नेतृत्व में अस्थायी सरकार की रचना की गई थी। बांग्लादेश में युवावर्ग भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, अपर्यारत शिक्षा और प्राथमिक जरूरतों की पूर्ति न होनें पर आवेश में थे। उनकी खास मांग यह थी कि 1971 युद्ध में जिन सैनिकों ने देश के लिए युद्ध में भाग लिया था, उनके वारिसदारों को सरकारी नौकरी में 30 प्रतिशत आरक्षण दिया जावे, किन्तु ऐसा न करके सरकार ने यह प्रावधान रद्द कर दिया था। शेख हसीना ने उनकी इस मांग को ठुकरा दिया था। बांग्लादेश में हिंसक आंदोलन हुआ जिसमें तकरीबन 100 लोग मारे गए थे। अनेक आंदोलनकारी घायल हुए थे।

दुनिया का एक छोटा सा शांत देश जार्जिया भी जेन जी आंदोलन और हिंसा का शिकार हुआ था। जानकारों का मानना है कि, इन तमाम युवा क्रान्ति के केन्द्र में भ्रष्टाचार, अन्याय, बेकारी, मंहगाई ही प्रमुख मुद्दे थे। दुनिया में समानांतर, कालान्तर में क्रान्ति होती आई है, जिसके ही परिणाम से सत्ता परिवर्तन होता है या गुलाम देश आजाद होता है।






## पहला कॉलम...

### आज आरएसएस के 100 वर्ष पूर्ण होने पर एनपीपीएस में विजयादशमी उत्सव

राजनांदगांव (दावा)। देश की सबसे बड़ी राष्ट्रवादी संगठन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज 5 अक्टूबर रविवार को नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल बल्देव बाग में विजयादशमी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। रविवार अपराह्न 4 बजे आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शासकीय लोक अभियोजक राजेश खांडेकर है वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता एम.आर. शिवलीकर (सेवानिवृत्त प्राचार्य) करेंगे। आरएसएस के बस्ती प्रमुख सुनील बाजपेई ने लोगों को कार्यक्रम शुरू होने से 10 मिनट पूर्व सभा स्थल पर पहुंचने की अपील की है।

### आज गायत्री परिवार का विद्यापीठ में जन्म शताब्दी युवा कार्यशाला

राजनांदगांव (दावा)। वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 5 अक्टूबर रविवार को केसर नगर स्थित गायत्री विद्यापीठ में विशिष्ट युवा कार्यशाला का आयोजन किया गया है। आज रविवार की सुबह 9 बजे से प्रारंभ होने वाला यह आयोजन सायं 5 बजे तक चलेगा। इस आयोजन में शामिल होने वालों के लिए मां भगवती देवी भोजनालय में भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई है। विद्यापीठ पीठ के नंदकिशोर सुरजन ने बताया कि आज के समय में युवा शक्ति को सही नैतिक और आध्यात्मिक मार्गदर्शन देना अत्यंत आवश्यक है। माताजी की जन्म शताब्दी के इस ऐतिहासिक वर्ष में यह कार्यशाला एक मील का पत्थर साबित होगा उन्होंने इस कार्यशाला में युवाओं को अधिकाधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।



**गायत्री विद्यापीठ केसर नगर में बड़ी संख्या में जुटेंगे युवा**

### माता को दी गई विदाई, नौ दिनों तक रहा भक्ति का माहौल



राजनांदगांव (दावा)। बजरंगपुर नवागाँव में 22 सितम्बर से विराजित माँ दुर्गा को दसवें दिन विदाई दी गई। वार्ड के संगम चौक, ब्रम्हदेव चौक, शीतला मंदिर, भाठापारा, शंकर नगर, आदर्श चौक, स्कूल मैदान, बाबुटोला मे विराजित देवियो का जस गीत एवं भजनो के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या मे देवी को विदाई देने लोग घरों से निकले और जगह-जगह प्रतिमाओं की पूजा कर उन्हें विदाई दी गई। देर शाम तक विसर्जन चलता रहा।

### महेन्द्र भाई दवे का निधन



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जीवन बीमा के वरिष्ठ अभिकर्त्ता एवं समाजसेवी महेन्द्र भाई दवे का आकस्मिक स्वर्गवास आज 4 अक्टूबर 2025 को सुबह 9:30 बजे हो गया। इनकी अंतिम यात्रा संध्या 4 बजे निज निवास, अग्रसेन भवन के सामने से निकली। वे अपने पीछे पत्नी, पुत्र गुंजन दवे, गौरव दवे, प्रतीक दवे, प्रणव दवे सहित भरापूरा परिवार छोड़ गये है।

### सूचना

घुमका एजेंसी बदली दैनिक दावा समाचार पत्र की प्रतियाँ
**''साहेब बंदगी न्यूज एजेंसी''**
अधिकृत प्रतिनिधि - लोचन प्रसाद निर्मलकर
मोबाईल नंबर - 9630844364 से प्राप्त करें।
लेख-आलेख, समाचार, विज्ञापन संकलन हेतु सहयोग करें।
व्यवस्थापक
दैनिक 'दावा', बल्देव बाग, राजनांदगांव







## यह मेरा अपना कार्यक्रम है, मुझे कभी निमंत्रण की जरूरत नहीं पड़ती - डॉ. रमन



- राष्ट्रीय उत्सव समिति ने मनाया 30वां वर्ष के साथ रावण दहन
- स्टेट हाईस्कूल मैदान में साधो बैंड की भक्ति मय प्रस्तुति

राजनांदगांव (दावा)। विजयादशमी पर्व पर स्टेट हाईस्कूल मैदान में राष्ट्रीय उत्सव समिति द्वारा आयोजित रावण दहन कार्यक्रम ने इस वर्ष भी धर्मप्रेमियों को प्रभु राम के भजन रस से सराबोर कर दिया। साधो बैंड की भक्ति मय प्रस्तुति के बीच अपार जनसमुदाय की मौजूदगी में आयोजन का 30वां सफल वर्ष धूमधाम से मनाया गया।

इस भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, समिति के संरक्षक बलदेव सिंह भाटिया, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, वरिष्ठजन सुरेन्द्र दाऊ सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी ने साधो बैंड ग्रुप द्वारा प्रस्तुत प्रभु राम के भजनों का आनंद लिया। अतिथियों का स्वागत समिति के अध्यक्ष तथागत पांडे, संरक्षक श्रीमती शारदा तिवारी, राजेंद्र यादव, नरेंद्र शर्मा, योगेश बागड़ी, अजय पांडे, संतोष पटाक, शुभम पांडे, मयंक बाफना, शशांक राजपूत सहित अन्य पदाधिकारियों ने किया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपनी बात रखते हुए कहा यह मेरा अपना कार्यक्रम है, मुझे कभी निमंत्रण की जरूरत नहीं पड़ती। स्व. विजय पांडे मेरे मित्र थे और यह जनसमुदाय स्वयं इस आयोजन की गरिमा को सिद्ध करता है।

सांसद संतोष पांडे ने कहा कि इस कार्यक्रम की महत्ता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि डॉ. रमन सिंह ने स्वयं इसकी तैयारी की जानकारी ली। यह आयोजन सभी के लिए विशेष महत्व रखता है।

पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि साधो बैंड की प्रस्तुति ने दशहरे पर्व को भक्ति रस से भर दिया है। जनता का यह उमड़ा सागर आयोजन की भव्यता का प्रमाण है।

समिति के संरक्षक बलदेव सिंह भाटिया ने कहा कि 30 वर्षों से निरंतर हो रहे इस भव्य आयोजन के लिए समिति और जनता बधाई की पात्र है।

अध्यक्ष तथागत पांडे ने अपने स्वागत भाषण में दशहरे की शुभकामनाएँ दी और आयोजन की सफलता के लिए सभी नागरिकों, सदस्यों व विशेष सहयोगियों का आभार जताया। उन्होंने भावुक होकर कहा कि 'पिताजी स्व. विजय पांडे के जाने के बाद आयोजन कठिन प्रतीत हो रहा था, लेकिन जनता और साथियों के सहयोग से यह निरंतरता संभव हो पाई।'

#### आतिशबाजी और रावण दहन

समारोह का समापन भव्य आतिशबाजी और रावण के पुतले के दहन से हुआ। हजारों की संख्या में जुटी भीड़ ने साधो बैंड की धुन पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया। कार्यक्रम के अंत में विनोद पांडे ने उपस्थित अतिथियों, समिति और जनसमुदाय का आभार व्यक्त किया। दशहरा केवल बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और संस्कारों की परंपरा का भी संदेश देता है। यह आयोजन नगरवासियों की आस्था, श्रद्धा और सामूहिक सहयोग की शक्ति को दर्शाता है। कार्यक्रम का सफल संचालन अभिषेक गिरपुंजे ने किया।

## वीर जी ढाबा संचालक अवैध रूप से कर रहा था बियर व शराब की बिक्री

**राजनांदगांव (दावा)। सोमनी पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के एक ढाबा संचालक पर कार्रवाई करते हुए उसके पास से 15 बोतल बीयर जब्त की है जिसकी कीमत 3 हजार रुपए बताई जाती है। बताया जाता है कि उक्त ढाबा संचालक अपने ढाबा में अवैध रुप से बियर व शराब की बिक्री कर रहा था।**

सोमनी थाना प्रभारी प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि अगामी दीपावली त्यौहार में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाने रखते हेतु जिले में अवैध शराब बिक्री व असामजिक तत्वों, गुण्डा बदमाशो व सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले के विरूद्ध अभियान कार्यवाही चलाया जा रहा है। इस अभियान कार्यवाही दौरान 3 अक्टूबर को मुखबीर से ग्राम देवादा वीर जी ढाबा में भोलाराम क्षत्री पिता भरतलाल क्षत्री उम्र 35 साल निवासी ग्राम इराईकला थाना घुमका हाल मुकाम वीर जी ढाबा देवादा में अवैध धन अर्जित करने अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है। इस सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहो के मौके पर रवाना होकर वीर जी ढाबा के पास खडे भोलाराम को पकडकर लाया गया और पुछताछ करने पर ढाबा के अंदर शराब रखकर बिक्री करना बताया। इस पर गवाहो की उपस्थिति में ढाबा की तलाशी लेने पर ढाबा के अंदर 12 बोतल थंडर बोल्ट क्लासिक सुपर स्ट्रांग बीयर मात्रा 7.800 बल्क लीटर कीमती 24,00 रूपये सीलबंद एवं 3 बोतल बीयर सिम्बा स्टांग मात्रा 1.950 बल्क लीटर कीमती 600 रूपये कुल मात्रा 9.750 बल्क लीटर कुल कीमती 3,000 रूपये मिला, आरोपी भोला राम व वीर जी ढाबा देवादा एवं ढाबा संचालक दलजीत सिंग पिता स्व. कुलवंत सिंग उम्र 40 साल का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट तहत गिरफ्तार किया गया है।

## शरद पूर्णिमा पर 6 को होगा भगवान सत्यनारायण का दुग्ध अभिषेक

**प्रत्येक व्यक्ति गर्भ गृह में जाकर कर सकेगा अभिषेक**

**हरि सत्संग भजन मंडल द्वारा दी जाएगी भजनों की प्रस्तुति**

**रात्रि में बंटेगी अमृतयुक्त खीर**



राजनंदगांव (दावा)। संस्कारधानी नगरी की सुप्रसिद्ध संस्था श्री सत्यनारायण मंदिर समिति विभिन्न धार्मिक उत्सवों को धूमधाम से मनाते आ रही है। इसी तारतम्य में प्रतिवर्ष शरद पूर्णिमा पर मंदिर में विराजित भगवान श्री सत्यनारायण का दुग्ध अभिषेक किए जाने की परंपरा है। वहीं मध्यरात्रि में अमृत युक्त खीर का वितरण भक्तों को किया जाता है। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया, सचिव सुरेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष नाथा भाई रायचा, कोषाध्यक्ष हरीश अग्रवाल, सहसचिव रामावतार जोशी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार समिति द्वारा अनेक वर्षो से श्री सत्यनारायण भगवान के दुग्ध अभिषेक की परंपरा प्रारंभ की गई है। शरद पूर्णिमा 6 अक्तूबर सोमवार को सुबह 09:00 बजे से 10:00 बजे एक घंटे तक भगवान श्री सत्यनारायण का दुग्ध अभिषेक कोई भी भक्त अपने घर से दूध लाकर स्वयं अपने हाथों से कर सकता है। वर्ष में केवल एक दिन ही यह अवसर आम श्रद्धालुओं को प्राप्त होता है, जब वे मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश करके अपने हाथों से दूध अभिषेक कर सकते है। अन्य दिवसों में मंदिर के आचार्य के अलावा किसी अन्य का प्रवेश वर्जित रहता है। अतः समिति ने श्रद्धालु भक्तो से आग्रह किया है कि समय का ध्यान रखते हुए अभिषेक में शामिल हो। पिछले वर्ष अभिषेक के लिए लंबी कतार लग गई थी, जिससे अभिषेक का समय बढ़ाना पड़ा था।

श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के उत्सव प्रभारी राजेश शर्मा, लक्ष्मण लोहिया, पवन लोहिया एवं श्याम खंडेलवाल ने जानकारी दी है कि शरद पूर्णिमा के दिन चंद्रमा अपनी पूर्ण कला को बिखेरकर अमृत वर्षा करता है। श्वेत वस्तु अमृत की बूंदें शीघ्र अपनी ओर आकर्षित कर लेती है, अतः इस दिन खीर बनाकर छत पर रखने से वह खीर अमृतयुक्त हो जाती है। समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार रात्रि 08:30 बजे से संस्कारधानी की सुप्रसिद्ध संस्था श्री हरि सत्संग भजन मंडल द्वारा सुंदर भजनों की प्रस्तुति से भक्त एवं भगवान को रिझाया जाएगा। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति पिछले 80 वर्षो से शरद पूर्णिमा पर अमृतयुक्त खीर का वितरण करते आ रही है। इस वर्ष भी 6 अक्तूबर सोमवार को रात्रि भजन संध्या के साथ मध्यरात्रि को भगवान की आरती पश्चात अमृतयुक्त खीर का वितरण किया जाएगा। समिति के राजेश अग्रवाल (बालाजी), सौरभ खंडेलवाल, राहुल अग्रवाल एवं ओमप्रकाश शर्मा ने धर्मप्रेमी माता बहनों एवं बंधुओं से आग्रह किया है कि 6 अक्टूबर सोमवार को सुबह दुग्ध अभिषेक में एवं रात्रि में आयोजित भजन संध्या तथा मध्यरात्रि प्रसादी स्वरूप अमृतयुक्त खीर प्राप्त करने मंदिर पहुंचकर धर्म लाभ प्राप्त करें।

## पुरोहित संघ ने किया मिट्टी के रावण का वध

**पर्यावरण के अनुरूप है परंपरा**

**शहर भ्रमण के पश्चात होता है रावण वध**

**राजशाही परंपरा को देखने उमड़ती है भीड़**





राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के जिला अध्यक्ष दिलीप वैष्णव एवं राजमहल किला मंदिर के राजपुरोहित दिलीप दास वैष्णव ने बताया कि निहंग गद्दी वैष्णव बैरागी राजाओं की परंपरा के अनुसार मिट्टी के रावण का दहन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देव कुमार निर्वाणी ने कहा कि राजाओं द्वारा स्थापित परंपराओं को सभी बड़ी त्योहारों को संयोजित तरीके से सनातन से जोड़कर प्राकृतिक व मर्यादित ढंग से मनाने की अद्भुत ऐतिहासिक परंपरा का प्रारंभ वैष्णव राजाओं द्वारा किया गया है। अधर्म पर धर्म की जीत का विजयदशमी उत्सव को सनातन आधारित मनाने की परंपरा निराली है, जिसके अनुसार रामजी ने रामजी की सेना के रूप में विभिन्न मंदिरों की निशाने का पूरे नगर में भ्रमण किया जाकर अंत मिट्टी से बनी रावण का वध किया। सभी मंदिरों से सैनिक के रूप में आए हनुमान जी निशान के प्रतीक से प्रहार किया जाता है। वैष्णव राजा पूर्णतः सनातनी रहे, जिसका उदाहरण परंपरागत दशहरा उत्सव जिसमें कौमी एकता की अद्भुत मिसाल देखने को मिलती है।

पूरे भारत में इस तरह की अद्भुत दृष्टि कब, कभी देखने को नहीं मिलेगा। दशहरा उत्सव में हिंदू मंदिरों के हनुमान जी सैनिक के रूप में साथ अटल सैयद से मुसलमान का निशान पूरे नगर भ्रमण कर मिट्टी के रावण का वध किया जाता है। इससे बढ़कर कौमी एकता समरसता का अनोखी मिसाल कहां मिल सकता है। वैष्णव वह राजाओं द्वारा स्थापित विजय दशमी पर मिट्टी के रावण वध की परंपरा को पूरे राष्ट्र को अनुकरण करना चाहिए यह इतनी अच्छी परंपरा आतिशबाजी व फटाकों के गूंज के विपरीत है, साथ बड़ी शालीनता से मिट्टी का रावण का वध सभी मंदिरों के निशाने के साथ किया जाता है जो पुनः प्रदूषण मुक्त होता है, सनातन हमको यह सिखाता है।

उक्त शोभा यात्रा में निर्वाणी परिवार वाला बाबा मंदिर के सामने भव्य स्वागत सत्कार किया गया। सर्वश्री वैभव निर्वाणी, सुमित्रा निर्वाणी, रूपमती निर्वाणी, मनोज निर्वाणी, मौसमी निर्वाणी, ज्ञानेश्वर वैष्णव, विवाह वैष्णव, नेहा यादव, वीरेंद्र यादव तथा उषा श्रीवास्तव ने दशहरा पर सनातनी शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। शोभायात्रा विभिन्न मार्गो से होते हुए दिग्विजय कॉलेज के सामने मिट्टी से निर्मित रावण का वध किया गया। उक्त सनातनी विजय शोभायात्रा मार्ग में भव्य स्वागत बाल बाबा मंदिर में हुआ, जिसमें प्रमुख रूप से महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें रूपमती निर्वाणी उषा श्रीवास्तव भव्य निर्वाणी मनोज निर्वाणी सुमित्रा निर्वाणी मौसमी निर्वाणी नेहा यादव वीरेंद्र यादव ज्ञानेश्वर वैष्णव आदि उपस्थित थी।

पुरोहित तथा पुजारी ने एक दूसरे को बधाई शुभकामनाएं दी, मंदिर के पुजारी राकेश दास वैष्णव, संजय वैष्णव, संदीप सतीश तिवारी, मां दंतेश्वरी मंदिर, जमात मंदिर हालदार दास वैष्णव, किल्लापारा वैष्णव शिव वैष्णव, कृष्ण कुमार वैष्णव, जितेंद्र वैष्णव, सतीश वैष्णव, मनोज निर्वाणी, बाबा वैष्णव, ज्ञानी वैष्णव, रोहित वैष्णव, धर्म वैष्णव, अमर वैष्णव, संजीत वैष्णव, राजकुमार वैष्णव, राम वैष्णव, विष्णु वैष्णव आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संदीप वैष्णव, राजू वैष्णव, संतोष वैष्णव, काकेतरा शोभा दास वैष्णव, भव्य वैष्णव बंधु उपस्थित थे। उक्त जानकारी कार्यालय प्रभारी एलडी निर्मोही ने दी।

## आज कलार समाज द्वारा अधिकारी कर्मचारियों का सम्मान

**जिले भर के शासकीय अधिकारी कर्मचारी आज जुटेंगे**



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ कलार समाज की जिला इकाई द्वारा पहली बार जिले के अधिकारी कर्मचारियों का अभिनंदन समारोह आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन कल 5 अक्टूबर को कस्तुरबा महिला मंडल भवन पुराना रेस्ट हाऊस रोड राजनांदगांव में सुबह 10 बजे से आयोजित किया गया है। नवगठित माता बहादुर कलारिन सामाजिक कल्याण समिति तथा अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के तत्वावधान् में आयोजित अधिकारी कर्मचारी सम्मान समारोह में बतौर अतिथि राजनांदगांव महापौर मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, सिन्हा समाज के प्रदेश अध्यक्ष युवराज सिन्हा, संरक्षक दीपक कुमार सिन्हा, प्रदेश महामंत्री रिखीराम सिन्हा, प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ. विशंभर सिन्हा सहित युवा मंच के जिला अध्यक्ष लुकेश सिन्हा, जिला महामंत्री हिमांशु सोनवानी, कोषाध्यक्ष टीकम सिन्हा तथा महिला मंच की जिला अध्यक्ष श्रीमती निर्मला सिन्हा, जिला महामंत्री चंद्रा सिन्हा, कोषाध्यक्ष श्रीमती हंसा सिन्हा सहित मंडल, जिला व प्रांत के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा कार्यक्रम में डोंगरगढ़ जनपद अध्यक्ष श्रीमती लता सिन्हा, छुरिया जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, जिपं सभापति शीला टाकेश सिन्हा, राजनांदगांव जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती अनिता डिगेन्द्र सिन्हा सहित अन्य जनप्रतिनिधि बतौर विशेष अतिथि उपस्थित रहेंगे।

छत्तीसगढ़ कलार समाज के जिला अध्यक्ष शिव डड़सेना ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को शैक्षिक, सांस्कृतिक तथा आर्थिक रूप से संपन्न बनाने के अलावा समाज के अधिकारियों कर्मचारियों को विश्वास में लेकर बौद्धिक सम्पदा का उपयोग कर समाज की दिशा दशा को सुधारकर सामाजिक एकता को मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि जिले में इस तरह का पहला आयोजन होने से समाज के अधिकारियों कर्मचारियों में उत्साह व खुशी का माहौल है और वे अपनी रचनात्मक भागीदारी को लेकर उत्साहित हैं। जिला महामंत्री गंगाराम सिन्हा, जिला कोषाध्यक्ष पूनमचंद सिन्हा, आयोजन समिति के पूनाराम सिन्हा, रेसूलाल सिन्हा, गौकरण सिन्हा, गजेन्द्र सिन्हा आदि ने सामाजिकजनों से कार्यक्रम में अधिकाधिक उपस्थिति की अपील की है। उक्त जानकारी जिला प्रचार प्रसार मंत्री पवन सिन्हा व जितेन्द्र सिन्हा द्वारा दी गई।

## दशहरा, असत्य पर सत्य और अन्याय पर न्याय की विजय का पर्व - विष्णु लोधी

डोंगरगढ़(दावा)। विजयादशमी के पावन अवसर पर डोंगरगढ़ के शहर हाईस्कूल ग्राउंड एवं रेलवे कॉलोनी फुटबॉल ग्राउंड में दशहरा समितियों द्वारा गुरुवार को भव्य दशहरा उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने विशेष अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर माँ दुर्गा और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के चरणों में नमन किया।

विष्णु लोधी ने अपने उद्बोधन में कहा कि दशहरा असत्य पर सत्य की, अन्याय पर न्याय की और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक पर्व है। यह पर्व हमें समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का बोध कराता है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का आदर्श चरित्र हमें सिखाता है कि त्याग, पराक्रम और सत्यनिष्ठा से ही जीवन में सफलता और समाज में शांति-सौहार्द्र स्थापित हो सकता है।

उन्होंने आगे कहा कि इस तरह के सार्वजनिक उत्सव न केवल हमारी परंपराओं को जीवित रखते हैं, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे को भी मजबूत करते हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए विष्णु लोधी ने सभी को विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएँ दी।

### शुभांक

अनुमानित
बी. के.
560-1 450-9

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरुपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## अवैध शराब बिक्री करने हेतु महाराष्ट्र राज्य निर्मित शराब मंगाने वाले फरार आरोपी गिरफ्तार

**तस्कर से मौके पर महाराष्ट्र राज्य निर्मित 90 एमएल वाला 230 नग पौवा शराब किमती 9200 रू को किया था जप्त**




डोंगरगढ़ (दावा)। मुखबीर सूचना मिली थी कि 19.08.2025 को जरिये एक व्यक्ति अवैध रूप से महाराष्ट्र निर्मित देशी शराब को 2 काले रंग के बैग में भरकर साल्हेकसा से ट्रेन में बैठकर डोंगरगढ़ ला रहे हैं कि सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये पुराना रेलवे फाटक के आगे मेला ग्राउण्ड के सामने घेराबंदी कर आरोपी राहुल नंदेश्वर पिता स्व. अगनु नंदेश्वर उम्र 22 साल निवासी दंतेश्वरी पारा वार्ड न. 02 डोंगरगढ़ को पकड़कर आरोपी से दो बैग में रखे प्लास्टिक पौवा 90 एमएल वाला कुल 230 नग पौवा मात्रा 20.700 बल्क लीटर किमती-9200 रू. को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 413/2025 धारा-34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर, आरोपी को दिनांक- 19 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर ज्युडिशियल रिमांड में जेल भेजा गया है।

प्रकरण के विवेचना दौरान आरोपी राहुल नंदेश्वर से पूछताछ करने पर पता चला था कि महाराष्ट्र से शराब को रॉकी जामुलकर पिता स्व. बाला राम जामूलकर उम्र 31 साल निवासी दंतेश्वरी पारा वार्ड नं. 2 डोंगरगढ़ के लिये लेकर आता था, जिसके बदले 200-300 रूपये देता था। जिस पर आरोपी रॉकी जामूलकर का घटना दिनांक के बाद से लगातार पता-तलाश किया जा रहा था, आरोपी अपने घर से फरार था। आज दिनांक-03.10.2025 को आरोपी के घर आने की मुखबीर सूचना मिलने पर डोंगरगढ़ पुलिस तत्काल आरोपी के घर के पास घेराबंदी कर आरोपी को पकड़कर हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया। आरोपी रॉकी जामूलकर द्वारा घटना के समय गिरफ्तार आरोपी राहुल नंदेश्वर को महाराष्ट्र से शराब अवैध बिक्री करने हेतु मंगाना स्वीकार किया हैं। आरोपी के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित करना सबुत पाये जाने से आरोपी को आज दिनांक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना डोंगरगढ़ से प्रधान आरक्षक राणा प्रसन्न गजभिये, आरक्षक योगेश साहू, युगेन्द्र देखमुख, लीलाधर मण्डलोई, किशन चन्द्रा, संजय देवांगन, दिपेश मुदनकर महिला आरक्षक रोजलीन सामीयल, सुषमा मराठे का विशेष योगदान है।

# आदिवासी युवक की आकस्मिक मृत्यु एवं उचित मुआवजा को लेकर आक्रोशित है गोंड समाज

### मामला-नवरात्रि पर्व के दौरान ज्योति कलश कक्ष में कार्यरत मजदूर की दम घुटने से हुई

डोंगरगढ़(दावा)। नवरात्रि पर्व के दौरान पहाड़ी पर स्थित मां बमलेश्वरी मंदिर परिसर के ज्योति कलश कक्ष में कार्यरत आदिवासी मजदूर की सास लेने में तकलीफ आने पर हुई मौत एवं मौत के पूर्व मंदिर प्रशासन की ओर से की गई लापरवाही पर आक्रोश व्यक्त करते हुए आदिवासी गोंड समाज द्वारा मृतक के परिजनों से भेंट कर समाज की ओर से संवेदना प्रकट की गई और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलवाने का संकल्प लिया गया।

पीड़ित परिवार से भेंट के लिए समाज प्रमुख रमेश उईके संचालक अखिल भारतीय आदिवासी ध्रुव गोंड महासभा ओडारबांध, राजेश्वर ध्रुव सहसंचालक, लादू तुमरेकी महामंत्री, संतोष पड़ोती अध्यक्ष गोंड समाज तहसील इकाई डोंगरगढ़, राजेश नेताम अध्यक्ष गोंडवाना यूथ क्लब डोंगरगढ़, मनोज नेताम, नरोत्तम सिंह कुंजाम अध्यक्ष मुड़ाक्षेत्र कलकसा, भूषण मरकाम अध्यक्ष मुड़ाक्षेत्र केशली, दानी मंडावी अध्यक्ष मुड़ाक्षेत्र शिवपुरी, संजय उईके सरपंच ग्राम पंचायत घोटियां, नंदलाल कोहकोट्टा, जोगी कुमरे, जयलाल मंडावी, भुवन मंडावी, बिरेंद्र मंडावी, प्रवीण, महेंद, एवं समस्त गोंड सगा समाज घोटिया उपस्थित थे!

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में समाज की ओर से कहा गया कि, दाई बलमाई मंदिर डोंगरगढ़ सेवक के रूप में अपनी सेवा दे रहे आदिवासी(गोंड) युवक शीतल मंडावी पिता कृष्णा मंडावी उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम घोटिया निवासी युवक की 30 सितंबर 2025 रात्रि को संदेहास्पद स्थिति में मृत्यु हो गया, जानकारी के अनुसार ज्योति कक्ष में पर्याप्त सुविधा संसाधन नहीं होने के कारण शीतल मंडावी का स्वास्थ्य रात्रि लगभग 12 बजे खराब होने पर मंदिर प्रबंधन की ओर से ऊपर मंदिर में कार्यरत चिकित्सक के पास प्राथमिक उपचार के लिए ले जाया जाता है, परन्तु ट्रस्ट की लापरवाही के कारण शीतल मंडावी रात्रि 2:30 बजे तक तड़पता रहता है।




कार्यरत चिकित्सक के द्वारा शीतल मंडावी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उच्च उपचार के लिए रेफर किया जाता है, उसके बावजूद भी ट्रस्ट द्वारा शीतल मंडावी को रोपवे उपलब्ध नहीं कराया जाता, इस परिस्थिति में घायल युवक को स्ट्रेचर में लिटाकर लगभग 1200 सीढ़ी से नीचे लाया जाता है। जिससे शीतल मंडावी की मृत्यु हो जाती है।उसके बाद उक्त युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ ले जाया जाता है। जंहा पर पदस्थ चिकित्सक द्वारा शीतल मंडावी की मृत्यु अस्पताल पहुंचने के पहले ही हो चुका है इस बात की पुष्टि की जाती है। इस मामले को लेकर अखिल भारतीय आदिवासी ध्रुव गोंड समाज महासभा ओडारबांध एवम गोंड समाज तहसील इकाई डोंगरगढ़ के पदाधिकारीगण, महासभा के संचालक के नेतृत्व में पीड़ित परिवार के घर जाकर शोकाकुल को संवेदना व्यक्त किया गया एवं शोकाकुल परिवार को उचित न्याय एवं मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया और समाज के लोगों द्वारा कहा गया कि, उचित न्याय नहीं मिलने पर उग्र आंदोदन के लिए बाध्य होगा।

### मृत्यु के चार दिन बाद संवेदना प्रकट करने पहुंचे ट्रस्ट के पदाधिकारीयों की आलोचना की गौड़ समाज ने

समाज की ओर से आगे कहा गया कि,मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट के पदाधिकारी द्वारा असंवेदनशीलता दिखाते हुए घटना के चार दिन बात ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल,महामंत्री महेंद्र परिहार, ट्रस्टी मेंबर संजीव गोमास्ता, पीड़ित परिवार के घर जाकर क्रियाकर्म हेतु मात्र 25000 का चेक दिया गया है, जबकि यह राशि मृत संस्कार हेतु 25000 रुपया तत्काल नगद दिया जाना था, जबकि आदिवासी गोंड समाज में मृत्यु के तीसरे दिन तक सम्पूर्ण मृत संस्कार पूर्ण हो जाता है, लेकिन ट्रस्ट द्वारा अपने बायलाज का हवाला देते हुए मात्र 10,000 रूपये मुआवजा देने का प्रावधान है कहकर अपना पलड़ा झाड़ लिये।

### 2021-22 की घटना याद दिलाई समाज ने, जब मृतक के परिवार को 5 लाख का मुआवजा दिलाया गया था

उचित मुआवजा की मांग को लेकर समाज की ओर से वर्ष 2021-22 में घटना का उल्लेख करते हुए कहा गया कि, ग्राम हरनसिंग्घी के आदिवासी(गोंड) पड़ोटी परिवार के युवक की मृत्यु रोपवे की ट्राली में दबने से हो गई थी।

ट्रस्ट के इसी तरह के रवैया के कारण समाज को संघर्ष करना पड़ा तब जाकर ट्रस्ट द्वारा पीड़ित परिवार को 5,00000 (पांच लाख) रूपये का मुआवजा दिया गया था, किंतु इस मालमे में ट्रस्ट द्वारा हिला हवाला और ट्रस्ट के बायलाज़ का हवाला देकर पीड़ित परिवार और गांव समाज को गुमराह किया जा रहा है, जो भ्रामक और गलत है।

## विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने किया प्रतिभावानों का सम्मान



डोंगरगढ़ (दावा)। रेल्वे कॉलोनी में विगत 84 वर्षो से शारदीय नवरात्र के अवसर पर आयोजित श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा उत्सव के सिंदूर उत्सव के शुभ अवसर पर डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल द्वारा डोंगरगढ़ के प्रतिभावानों को सम्मानित किया गया। इसी श्रृंखला में आदर्श नगर निवासी स्नेहा डे सुपुत्री अशोक कुमार डे को यूके द्वारा संचालित एसीसीए की परीक्षा में असाधारण उपलब्धि प्राप्त करने पर प्रतीक चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। विधायक एवं उपस्थित जनों ने स्नेहा डे के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## एक दिवसीय मसीही महिला सम्मेलन का आयोजन



राजनांदगाँव (दावा)। मैथोडिस्ट चर्च स्कूल कैंपस, राजनांदगांव के तत्वाधान में दिनांक 30 सितम्बर 2025 को एक दिवसीय मसीही महिला सम्मेलन का आयोजन रेव्हरेंट टी.के.ग्वाल के अगुवाई में स्थानीय वेसलियन स्कूल ऑडिटोरियम में हुआ। जिसमें जिले एवं अन्य जिलों से 14 कलीसियाई चर्चो ने भाग लिया।

भाग लेने वाले चर्चो में वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च स्टेशन रोड राजनांदगाँव, वेसलियन चर्च डोंगरगाँव, रहोबोत चर्च नेहरूनगर राजनांदगाँव, वेसलियन चर्च चौकी, मेनोनाईटड चर्च राजनांदगांव, वेसलियन चर्च भिलाई, वेसलियन चर्च डोंगरगढ़, मार्थोमा चर्च, वेसलियन चर्च भानुप्रतापपुर, वेसलियन चर्च चिचोला, वेसलियन चर्च देवरी, ए.जी. चर्च राजनांदगाँव, वेसलियन चर्च खैरागढ़, वेसलियन चर्च केंवटी की महिला सभा सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में सेविका रेव्हरेंट श्रीमती रेणुका डेनियल (भिलाई) द्वारा संदेश दिया गया। उसके पश्चात् विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन (गीत-संगीत, तात्कालिक भाषण, बाईबल क्विज, बाईबल की झलकियां) किया गया।

वेसलियन चर्च, स्कूल कैंपस की महिला सभा अध्यक्ष महिमा रंजन, उपाध्यक्ष कीर्ति हेमरोम, सचिव कुमुदिनी डेविड, कोषाध्यक्ष साधना विल्सन एवं समस्त महिला सभा सदस्यों द्वारा इस तृतीय सम्मेलन को सफल बनाने में अपना भरपूर सहयोग दिया। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में रेव्हरेंट डॉ.फ्रांसिस नाग, रेंव्हरेंट जेम्स डेनियल, मोसेस लाल, डॉ. मोन अब्राहम, मर्सी अब्राहम, रवि वांडे एवं पुरूषोत्तम कुलदीप ने अपना योगदान प्रदान किया। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च, स्कूल कैंपस के पाजबान टी.के. ग्वाल एवं महिला सभा अध्यक्ष महिमा रंजन ने सभी आमंत्रित महिला सदस्यों, जवान सभा, संडे स्कूल के बच्चों, वेसलियन स्कूल के प्राचार्य अजीत स्काट (अंग्रेजी माध्यम) एवं संजय गार्डिया (हिन्दी माध्यम) का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। उक्त जानकारी महिला सभा अध्यक्ष श्रीमती महिमा रंजन द्वारा दिया गया।

## शक्तिधाम महाकाली मंदिर में निकली भव्य ज्योति कलश विसर्जन यात्रा

राजनांदगांव(दावा)। शक्तिधाम महाकाली मंदिर परिसर भक्तिभाव से सराबोर रहा, जब 71 ज्योति कलशों के साथ भव्य विसर्जन यात्रा नगर भ्रमण को निकली। माता की जय-जयकार, भक्ति से ओत-प्रोत भजन और पारंपरिक सांग-बाना बैरगों की अद्भुत छटा ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।



मंदिर समिति के प्रमुख गुरुदेव हरीश यादव ने बताया कि माता की विशेष कृपा से इस वर्ष अष्टमी के अवसर पर संतान प्राप्ति हेतु औषधि प्राप्त करने वाले निःसंतान दम्पत्तियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि इस नवरात्रि में 57 दम्पत्तियों को औषधि वितरण किया गया, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 31 थी। यही नहीं उड्डीस तंत्र से 21 साधकों द्वारा अभिमंत्रित सर्व व्याधि निवारण धूप भी इस बार श्रद्धालुओं में विशेष आकर्षण का केंद्र बनी। लगभग 174 श्रद्धालुओं में यह धूप वितरित की गई। विसर्जन यात्रा के दौरान माता के भक्तों की भावभीनी विदाई में श्रद्धा और आस्था की अद्भुत झलक देखने को मिली। जयकारों और अश्रुपूरित आंखों के साथ भक्तों ने माता को विदा किया। सांग-बाना बैरग इस बार विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। पारंपरिक वेशभूषा, ढोल-नगाड़ों की थाप और भक्ति रस से सराबोर माहौल ने नगरवासियों को अद्भुत आध्यात्मिक अनुभूति से भर दिया। माता रानी के प्रति श्रद्धा और आस्था के इस भावपूर्ण आयोजन ने यह एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि राजनांदगांव में धर्म, संस्कृति और परंपरा की जड़ें कितनी गहरी हैं।

## गौ सेवा के नाम पर वाहवाही लूटने पर लगी युवा कांग्रेस- जीवनदान सेवा समिति

राजनादगांव (दावा)। जीवनदान सेवा संस्था द्वारा बीते दिन पशु चिकित्सालय के उपसंचालक से मुलाकात की गई और उनको यह बताया गया कि राजनांदगांव में अनेक संस्था है जो गौ सेवा का कार्य कर रही है मगर आपके पशु विभाग की ओर से हमें कोई भी डॉक्टर का कभी भी कोई सहयोग नहीं मिलता और लगातार गौ वंश को तकलीफ सहन करनी पड़ती है इसी मुद्दे के बीच में संस्था एवं उपसंचालक के बीच में हुई बहस और कड़ा विरोध प्रदर्शन संस्था द्वारा किया गया लेकिन इस प्रदर्शन को कुछ कांग्रेसी नेता अपना राजनीतिक मुद्दा बनाना चाह रहे हैं और यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है।



यह हम सभी सर्व गौ सेवकों का एक अनोखा प्रदर्शन है और हमने वहां पर विभाग को स्पष्ट किया है कि यदि आगे सही से कार्रवाई और गौ सेवा मे सहयोग नहीं मिला तो सर्व गौ सेवकों के द्वारा एक बड़ा आंदोलन बड़ा प्रदर्शन भी किया जाएगा। इसी विषय में कुछ दिन पूर्व सर्व गौ सेवक राजनांदगांव द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह एवं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह से भी मुलाकात की गई एवं दोनों के द्वारा हमें पूर्ण ठोस आश्वासन मिला है कि इन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और जो भी डॉक्टर है। उन्हें ग्राउंड में आकर उनकी सेवा देनी होगी गौ सेवक सिर्फ गौ सेवा करते हैं ना कि किसी तरह की राजनीति। जीवनदान गौ सेवा के सदस्य महेंद्रलाल जंघेल एवं हरीश भानुशाली ने युवा कांग्रेस को नसीहत देते हुए कहा कि जनता के हित में वास्तविक रूप से संघर्ष करें, न की बनावटी मुद्दों को उठाकर दूसरे के कार्यों का श्रेय ले।

## नशामुक्ति आमसभा ग्राम पंचायत भोथीपार खुर्द में आयोजित



राजनांदगांव(दावा)। ग्राम पंचायत भोथीपारखुर्द में गत दिवस नशा मुक्ति एवं साइबर क्राइम जागरूकता का आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सुरगी थाना प्रभारी शंकरगिरी गोस्वामी आमसभा में सम्मिलित होकर ग्रामवासियों को नशा अवैध शराब गांजा बिक्री सट्टा अन्य प्रकार के नशा पदार्थ बेचना और गांव के शांति भंग करना अपराध है। ऐसे अपराध की सूचना मिलने पर ठोस कार्रवाई के आश्वासन के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी साइबर क्राइम के प्रति थाना प्रभारी गिरी गोस्वामी द्वारा जागरूकता किया। गांव में शांति बनाए रखने के लिए अवैध शराब, गांजा बिक्री, शराब पीकर शांति भंग करने वाले व्यक्तियों के लिए आर्थिक दंड भी रखा गया। जिसमें प्रमुख रूप से गांव में महिला शक्ति बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिए। सरपंच आम सभा में थाना प्रभारी गिरी गोस्वामी, सरपंच जितेंद्र साहू, उपसरपंच पाशपाल साहू, गोपाल साहू, जागेश्वर सिंह, सुरेश साहू, अशोक साहू, लोमसिंह महार कोतवाल, चित्रांगद साहू, महिला समूह से चित्ररेखा साहू, मंजू साहू, झुनिया विश्वकर्मा, सीमा साहू, गंगा साहू, सरस्वती सिन्हा, नर्मदा साहू पूर्व सरपंच, अनीता साहू, किरण साहू, टेक्स्वरी साहू सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी नशामुक्ति आमसभा में सम्मिलित हुए।

## आराधना के रंगारंग गरबा महोत्सव में शामिल हुई पद्मश्री फुलबासन यादव

राजनांदगांव (दावा)। नवरात्रि पर्व के अवसर पर आराधना महिला मंडल द्वारा कस्तूरबा भवन में दो दिवसीय शानदार गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। आराधना के अध्यक्ष प्रभा बरडिया की संयोजना में आयोजित उक्त गरबा महोत्सव में समाजसेवी महिलाओं ने जमकर गरबा खेले और मातारानी के चरणों में अपनी श्रद्धा-आस्था के पुष्प समर्पित किया।




कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पद्मश्री फूलबासन यादव थी। वहीं विशेष अतिथि के तौर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, कमला कालेज की प्रो. हरप्रीत गरचा, समाजसेवी भागचंद गिड़िया उपस्थित थे। आगत अतिथियों का स्वागत मंडल अध्यक्ष श्रीमती प्रभा बरडिया, सचिव पुष्पा अग्रवाल व कोषाध्यक्ष श्रीमती अलका जानी द्वारा पुष्प गुच्छ भेंटकर किया गया। शारदीय नवरात्र की नवमी तिथि को आयोजित आराधना के इस गरिमामय गरबा महोत्सव की मुख्य अतिथि श्रीमती यादव ने सर्वप्रथम समाजसेवी शारदा तिवारी, प्रभा बरडिया, पुष्पा अग्रवाल, अलका जानी आदि के साथ मां दुर्गा की पूजा-अर्चना चूनरी चढ़ा कर की और आराधना महिला मंडल के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें सतत सेवा कार्यो को आगे बढ़ाते रहने की प्रेरणा दी। श्रीमती फूलबासन ने आराधना के गरबा महोत्सव में उपस्थित सभी महिलाओं को शारदीय नवरात्रि पर्व की बधाई देते हुए सबकी सुख-सौभाग्य की कामना की। विशेष अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष श्री राजपूत व श्रीमती गरचा ने सबको नवरात्रि पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए शहर की समाज सेवी महिलाओं की सेवा कार्यो को संस्कारधानी नगरी की संस्कारों के अनुरूप बताया तथा इस तरह के कार्यो को गरीब दीन दुखियों की सेवा के क्षेत्र में एक मिसाल कहा। जमकर बिखरे गरबा महोत्सव के रंग आराधना के इस गरबा महोत्सव में सनातन धर्मसभा और गौड़ ब्राह्मण समाज की महिलाओं सहित कस्तुरबा की सचिव श्रीमती साधना तिवारी, माहेश्वरी समाज की सरला गोलछा, अमिता मूंदड़ा, अग्रवाल समाज की श्रीमती किरण अग्रवाल, आभा पोद्दार, स्वतंत्रता बरडिया, कुसुम रायचा, पूष्पा अग्रवाल, गुजराती समाज की श्रीमती भानूबेन आड़तिया, रेखा लाल, सिंधी समाज की श्रीमती माखीजा व साहू समाज की श्रीमती रेखा साहू, पूर्णिमा साहू, वैश्य समाज की श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता आदि महिलाएं शामिल हुई और गरबा का मनोहारी प्रदर्शन कर खुशियां बिखेरी।

## गैदाटोला परिक्षेत्र साहू के वीरेंद्र साहू अध्यक्ष निर्वाचित हुए

राजनांदगांव (दावा)। गैदाटोला परिक्षेत्र साहू समाज गैदाटोला के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार साहू ग्राम खपराभाट निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष पद पर भारतलाल साहू कुहीखुर्द निर्वाचित हुए, संगठन सचिव अनिल कुमार साहू फगडूटोला तथा महिला उपाध्यक्ष श्रीमती कुमेश्वरी गजेन्द्र साहू मातेखेडा एवं संगठन सचिव श्रीमती देवकी साहू निर्वाचित हुए सभी पदों को शांति और सौहार्द्र पूर्ण सम्पन्न हुआ।



नव निर्वाचित अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार साहू ने कहा कि समाज में युवा एवं नारी शक्तियों के आगे आने से समाज को नई दिशा मिलेगी तथा समाज को आर्थिक विकास, समृद्ध बनाने में सफलता मिलेगी। गैंदाटोला में परिक्षेत्र में अट्ठारह गांव शामिल हैं।

चुनाव को सम्पन्न कराने के लिए प्रमुख रूप से नोबल साहू कोषाध्यक्ष जिला साहू संघ राजनांदगांव एवं चुनाव निर्वाचन अधिकारी के रूप में श्याम सुंदर साहू, ललित साहू और छुरियां परिक्षेत्र के नवनिर्वाचित अध्यक्ष उमेश साहू तथा भारत लाल साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज गैन्दाटोला चन्द्र कुमार साहू संरक्षक मदन लाल साहू उपाध्यक्ष जिला साहू समाज राजनांदगांव श्रीमती हेमिन विष्णु साहू जनपद सदस्य धनेश कुमार साहू सचिव ईश्वर साहू बलेश्वर साहू हिरालाल साहू चतुर साहू मानदास साहू हरेन्द कुमार साहू कंस कुमार साहू नोकेश साहू गजेन्द्र साहू एवं सभी गांवों के स्वजातीय भाई-बहनों ने निर्वाचन में भाग लिया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को तहसील साहू समाज के अध्यक्ष चन्द्रिका साहू ने प्रमाण पत्र दिया एवं शपथ दिलाया और अंत में परिक्षेत्र साहू समाज गैन्दाटोला के अध्यक्ष भारत लाल साहू ने अपने सम्बोधन में कहा कि समाज को नई दिशा मिलेगी तथा समाज के सभी भाईयों-बहनों को साथ में लेकर चलने कहां तथा सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी।

## देवी विसर्जन के दौरान नाचने पर हुआ विवाद, चाकू से जानलेवा हमला

राजनांदगांव (दावा)। लालबाग थाना क्षेत्र के पेंड्री वार्ड में देवी विसर्जन कार्यक्रम के दौरान नाचने की बात को लेकर चाकू चला गया। प्रार्थी की शिकायत पर लालबाग पुलिस ने चार आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।



बताया जाता है कि पेंड्री वार्ड में देवी माता का विसर्जन समीप के तालाब में किया जाना था। इस दौरान देवी विसर्जन में शामिल कुछ लोगों की बीच नाचने को लेकर वाद-विवाद शुरू हो गया जो मारपीट में तब्दील हो गई। इसी बीच पेंड्री निवासी गजेंद्र नागवंशी नामक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया। पीड़ित 19 वर्षीय गजेंद्र पिता शक्ति नागवंशी की शिकायत पर पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ़ धारा 296, 351(2) 118 (1) व 3 (5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में ले लिया गया है। पीड़ित गजेंद्र नागवंशी ने पुलिस को बताया कि देवी विसर्जन के दौरान तालाब के पास आरोपी शैलेंद्र वैष्णव पिता सुरेंद्र वैष्णव,धनेश्वर पिता मनीराम मंडावी, आयुष पिता किशोर रात्रे,और संजय पिता गेंदालाल नेताम सभी निवासी आवास पारा पेंड्री द्वारा उनसे जमकर मारपीट करते हुए चाकू से जानलेवा हमला कर दिया।

इससे वह बुरी तरह घायल हो गया और उसे मेडिकल कॉलेज हास्पीटल में भर्ती कराया गया है। मामले में पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ़ जुर्म दर्ज कर विवेचना में जुट गई है और वार्ड में पुलिस की गस्त बढ़ा दी गई है।

## मौसमी बीमारी डेंगू मलेरिया के रोकथाम हेतु आमजन को डोर-टू-डोर समझाईस एवं घर-घर क्लोरिन टेबलेट का वितरण

### संक्रामक बीमारी से बचने सावधानी बरतने एवं स्वच्छता अपनाने महापौर एवं आयुक्त ने की नागरिकों से अपील

राजनांदगांव (दावा)। शासन के निर्देशानुसार मौसमी बिमारी मलेरिया, डेंगू एवं अन्य संक्रामक बिमारियो को फैलने रोकथाम व बचाव हेतु नागरिकों को डोर टू डोर जाकर समझाईस देने व जागरूक किये जाने महापौर मधुसूदन यादव के निर्देश पर आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने अपने अपने प्रभारित वार्ड में सफाई दरोगा एवं वार्ड प्रभारियों को दायित्व सौपने स्वास्थ्य अधिकारी एवं मिशन क्लीन सिटी प्रभारी को निर्देशित किये है। आयुक्त विश्वकर्मा ने बताया कि मौसमी बिमारी डेंगू मलेरिया तथा अन्य संक्रामक बिमारी फैलने की संभावना बनी रहती है। जिसे ध्यान में रखते हुये महापौर मधुसूदन यादव के निर्देश पर नागरिको को संक्रामक बीमारी से बचाने नगर में साफ-सफाई के अलावा लोगों में संक्रामक बिमारी फैलने से रोकने व बचाव हेतु नागरिकों को डोर टू डोर जाकर निगम का स्वास्थ्य अमला आमजनों को समझाईस दे रहे है एवं साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जा रहा है व वार्डो



में क्लोरिन टेबलेट का वितरण भी किया जा रहा है। साथ ही अपने घरो व उसके आस पास साफ सफाई रखने, पानी में क्लोरिन टेबलेट का उपयोग करने, किसी भी प्रकार की बिमारी पर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में सम्पर्क करने अपील की जा रही है। इसके अलावा निर्देशानुसार प्र.स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा एवं स्वास्थ्य अमला को निर्देशित किया गया है कि प्रतिदिन नाली नालो की सफाई कर नियमित रूप से कचरा उठावे तथा दवाई का छिडकाव करे। नलो, हैण्ड पंपों के आस पास व गड्ढों में भरे पानी को कच्ची नाली खोद कर निकासी की व्यवस्था करें एवं कैपास व नुवान दवाई का छिडकाव करे, जिससे लार्वा उत्पन्न न हो।

महापौर श्री यादव एवं आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने नागरिको से कहा है कि बारिश के कुलर को अच्छी तरह से साफ कर खस वाली शीट को कडक धुप में सुखाना है क्याकि डेंगू के मच्छर एंडीस के अण्डे कूलर के खस की शीट में चिपके रहते है और नमी मिलते ही जीवित हो जाते है। इसलिये धूप में सुखाना अत्यंत आवश्यक है। इसी प्रकार आंगन एवं छत की खुली हुई पानी टंकियों को ढक कर रखना है व टूटे फुटे मटके, टायर-ट्यूब, प्लास्टिक के बाटल, डब्बे को नष्ट करना है। फ्रिज के पानी जमा होने वाले ट्रे के पानी को एवं मंदिर में रखे कलश के पानी को प्रति सप्ताह बदलना है। घरों के आस पास पानी जमा नहीं होने देना है। मच्छरदानी लगाकर सोना है। इस प्रकार की सावधानी बरतकर हम मौसमी संक्रामक बिमारी से बच सकते है। महापौर एवं आयुक्त ने नागरिकों से अपील करते हुये कहा है कि उपरोक्त बातों के अलावा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये, पानी छानकर व उबालकर पीये, खाद्य पदार्थो को ढककर रखे, ताजे फल सब्जी का उपयोग करे। सर्दी बुखार होने की स्थिति में नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में सम्पर्क कर तुरंत ईलाज करावे।

## रास्ता रोककर गाली गलौच करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार




राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में रास्ता रोक कर गाली-गलौज करने वाले आरोपियों को धर दबोचा है और एसडीएम के समक्ष पेश कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने आरोपियों के नाम रवि खेमानी उर्फ रवि पडवा पिता तुलसी दास खेमानी उम्र 41 साल निवासी सिंधी कालोनी लालबाग, रोशन वाधवानी पिता स्व. चीमन दास वाधवानी उम्र 45 साल निवासी जीवन कॉलोनी, शाहिल वाधवानी पिता रोशन वाधवानी उम्र 21 साल निवासी जीवन कालोनी तथा ऋषभ यादव उर्फ बबलु पिता ताराचंद यादव उम्र 25 साल निवासी नंदई थाना बसंतपुर बताया है। थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि एक विशेष अभियान के तहत 4 अक्टूबर को प्रार्थी द्वारा थाने आकर बताया गया कि बांसपाई पारा में कुछ व्यक्ति आकर गाली गलौज कर रहे है। जिस पर थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए उनके विरूद्ध 170/126, 135(2) इस्गाशा तैयार कर एसडीएम न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर उन आरोपियों को जिला जेल में दाखिल कर दिया गया है।

# भाजपा की साजिश का खुलासा, बीरनपुर प्रकरण में सीबीआई की चार्जशीट ने खोला सच - विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा




0 दो बच्चों के बीच की घटना को लव जिहाद की घटना बना दिया गया था
0 भाजपा की चाल, चरित्र और चेहरा उजागर

खैरागढ़ (दावा)। बिरनपुर प्रकरण में सीबीआई की चार्जशीट ने खोला सच और इस प्रकरण को लेकर विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने कहा कि बीरनपुर प्रकरण को लेकर सीबीआई द्वारा विशेष अदालत में प्रस्तुत की गई चार्जशीट ने पूरे मामले की सच्चाई उजागर कर दी है। सीबीआई की रिपोर्ट में यह स्पष्ट हुआ है कि यह घटना बच्चों के बीच हुए एक सामान्य विवाद से उत्पन्न होकर दो परिवारों के आपसी टकराव का परिणाम थी। भाजपा ने इसे सुनियोजित रूप से सांप्रदायिक और जातीय रंग देकर राजनीति लाभ लेने का प्रयास किया। भारतीय जनता पार्टी ने इस साधारण घटना को सुनियोजित रूप से सांप्रदायिक और जातीय रंग देकर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास किया।

विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने कहा कि सीबीआई की जांच में यह तथ्य सामने आया है,कि इस प्रकरण में किसी भी प्रकार का राजनीतिक षड्यंत्र शामिल नहीं था। भाजपा ने इसे चुनावी मुद्दा बनाकर समाज में वैमनस्य फैलाने का कार्य किया।

भाजपा के तत्कालीन प्रदेशाध्यक्ष एवं वर्तमान में डिप्टी सीएम अरूण साव के बिरनपुर में भड़काऊ भाषण ने स्थिति को और अधिक संवेदनशील बना दिया। तत्कालीन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं वर्तमान उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा बीरनपुर पहुंचकर दिए गए भड़काऊ भाषणों ने स्थिति को और अधिक संवेदनशील बना दिया। भाजपा नेताओं ने इस घटना को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत किया और प्रदेश की सामाजिक एकता को कमजोर करने का कार्य किया। प्रधानमंत्री और केन्द्रीय गृह मंत्री ने भी चुनावी सभा में बिरनपुर की घटना को राजनीतिकरण कर तोड़-मरोड़कर पेश किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा इस घटना का राजनीतिकरण कर चुनावी सभाओं में इसका उपयोग किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा ने मृतक भुनेश्वर साहू के पिता ईश्वर साहू को टिकट देकर सहानुभूति की राजनीति की जबकि अब सीबीआई की चार्जशीट ने यह स्पष्ट कर दिया है, कि कांग्रेस सरकार द्वारा की गई कार्रवाई पूरी तरह न्यायसंगत और तथ्यों पर आधारित थी।

विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने कहा कि सीबीआई की रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है कि जिन व्यक्तियों पर आरोप लगाए गए थे। वे निर्दोष पाए गए, इससे स्पष्ट है कि भाजपा ने जनता की भावनाओं से खिलवाड़ किया और सामाजिक सौहार्द को आघात पहुंचाया। बिरनपुर प्रकरण की सच्चाई अब जनता के सामने, भाजपा ने झूठ, भ्रम और नफरत की राजनीति के माध्यम से समाज को बांटने का कार्य किया।

उन्होंने कहा बीरनपुर प्रकरण की और नफरत सच्चाई अब जनता के सामने है। सीबीआई की चार्जशीट ने साबित कर दिया है कि भाजपा ने झूठ, भ्रम और नफरत की राजनीति के माध्यम से समाज को बांटने का कार्य किया। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा न्याय, शांति और सामाजिक सद्भाव का मार्ग अपनाया है और आगे भी सच्चाई के साथ खड़ी रहेगी।

विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कहा कि भाजपा ने बीरनपुर जैसी संवेदनशील घटना को भी राजनीतिक स्वार्थ के लिए इस्तेमाल किया जो लोकतंत्र और मानवता दोनों के लिए शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि सच्चाई सामने आने के बाद भाजपा नेताओं को जनता से माफी मांगनी चाहिए तथा तत्कालीन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं वर्तमान उप मुख्यमंत्री अरुण साव को नैतिक आधार पर अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को भी छत्तीसगढ़ की जनता से अपने भ्रामक और गैर-जिम्मेदाराना बयानों के लिए सार्वजनिक रूप से क्षमा मांगनी चाहिए। अंत में कहा कि भाजपा का यह कृत्य लोकतंत्र और सामाजिक सद्भाव के विरुद्ध एक काला अध्याय है। कांग्रेस पार्टी सदैव शांति भाईचारे और सच्चाई के पक्ष में खड़ी रही है और आगे भी जनता के साथ न्याय की लड़ाई जारी रखेगी।

## आमजनों के हितों की रक्षा के लिए कांग्रेस निभाएगी अग्रणी भूमिका



डोंगरगांव (दावा)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर वर्तमान भाजपा सरकार की गलत बिजली नीति एवं महंगे बिजली बिलों के विरोध में आज 'विद्युत कार्यालय घेराव/ तालाबंदी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ज़ोरदार विरोध दर्ज कराया। साथ ही भाजपा प्रवक्ता द्वारा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी देने की निंदा करते हुए कांग्रेसजनों ने कड़ी आपत्ति जताई और इस कृत्य के विरुद्ध थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, मंडल अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, बूथ प्रभारी, किसान कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कांग्रेसजनों ने कहा कि भाजपा सरकार की तानाशाही नीतियों के खिलाफ यह संघर्ष लगातार जारी रहेगा और जनता के हितों की रक्षा के लिए कांग्रेस सदैव अग्रणी भूमिका निभाएगी।

## पहला कॉलम...

### नगर पंचायत अम्बागढ़ चौकी को मिली 2 करोड़ की राशि

#### मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन मंत्री को भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिया धन्यवाद

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी के



भाजपा जिला अध्यक्ष दिलीप वर्मा के अथक प्रयास से अरुण साव नगरीय प्रशासन मंत्री छत्तीसगढ़ शासन ने तत्परता से अम्बागढ़ चौकी नगर पंचायत को विकास कार्य हेतु विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 2 करोड़ की राशि स्वीकृति की है, नगर में हर्ष की लहर दौड़ रही है। श्रीमती नम्रता सिंह अध्यक्ष जिला पंचायत मोहला-मानपुर, अम्बागढ़ चौकी सहित भाजपा कार्यकर्ता राजू जैन गुजराती, अंबर जोशी, मदन साहू एवं जिले के समस्त भाजपा पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

### कबड्डी भारतीय खेल का गौरव-किरण रविन्द्र वैष्णव



छुरिया (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम-रतनभाट में जिला पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव एक दिवसीय रात्रिकालीन कब्बड्डी प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति गोपाल भुआर्य ने की। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला भाजपा पूर्व महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, सरपंच संघ के अध्यक्ष दीनू साहू, उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना व फीता काटकर शुरुआत की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि कबड्डी, एक भारतीय खेल, जो हमारे देश की धरोहर में गहरे रूप से रूचि और महत्वपूर्ण स्थान पर खड़ा है। यह एक सामूहिक खेल है, जिसमें साहस, शक्ति, और टीम का साथ होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस खेल की विशेषता यह है कि इसमें किसी भी समय केवल एक खिलाड़ी ही विरोधी टीम के खेत में होता है और उसका लक्ष्य होता है कि वह जितना जल्दी हो संभव हो, अपने खेत में वापस लौटे। कबड्डी न केवल खेल के माध्यम से बल्कि एक सामाजिक संस्कृति के रूप में भी महत्वपूर्ण है जो हमें मिलजुलकर रहने का सिखावा देता है और हमें अपनी टीम के सदस्यों के साथ एक जुटता की भावना प्रदान करता है।

इसलिए, कबड्डी न केवल एक खेल है बल्कि एक जीवनशैली भी है जो हमारी सामूहिकता, सामरस्य, और जागरूकता को बढ़ावा देती है। जिंदगी के कुछ नियम भी,कबड्डी के खेल जैसे होते है,सफलता की लाइन छूते ही,सब पैर खींचना शुरू कर देते है.लेकिन उसे अपनी मेहनत व संघर्ष से जो लाईन क्रॉस करता है। वहीं सफलता प्राप्त करता है। साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत सभापति श्री गोपाल भुआर्य ने भी संबोधित करते हुए कहा कि कबड्डी, एक सामूहिक खेल, न केवल हमारे देश का गौरव है बल्कि यह एक खेल के माध्यम से जीवन कौशल, सामूहिक संबंध, और सामाजिक सजीवता को बढ़ावा देता है। साथ ही इस अवसर पर भूपेंद्र नायक पूर्व जनपद सदस्य, केशव साहू, पोतराम खरें, अलखराम धनकर, पवन खरें सरपंच ग्राम रतनभाट, उपसरपंच दिग्विजय मिश्रा, मनोज साहू ग्राम पटेल, राधव मिश्रा, मनोज साहू, दुःखु राम साहू, कार्तिक साहू, समेत पंचगण ग्रामवासी व आयोजित समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# विजयादशमी पर्व पर राजशाही परंपरा के अनुसार राजा आर्यव्रत सिंह की शाही सवारी बग्घी में सवार होकर निकली, किया नगर भ्रमण और रावण के पुतले का दहन

(यतेंद्र जीत सिंह 'छोटू')

खैरागढ़ (दावा)। बुराई पर अच्छाई की विजय का पर्व विजयादशमी इस वर्ष भी खैरागढ़ में पूरे परंपरागत उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। प्रतिवर्षानुसार रियासत कालीन परंपरा आज भी कायम है, राजशाही परंपरा के अनुसार राजा आर्यव्रत सिंह की शाही सवारी ने जहां ऐतिहासिक राजा फतेह सिंह खेल मैदान के लिए निकली, वहीं नगर दशहरा उत्सव समिति द्वारा इतवारी बाजार स्थित रावण भाटा मैदान में विशालकाय रावण दहन का किया गया। दोनों ही ऐतिहासिक आयोजनों को देखने हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी। आसपास के गांवों के साथ ही दूर-दराज़ से लोग संगीत नगरी खैरागढ़ पहुंचे और दशहरा उत्सव का आनंद लिया।

### दशहरे पर नगर में लगे मेले में खिलौनों, कपड़ों, खानपान की दुकानों और पारंपरिक झूलों ने विशेष आकर्षण खींचा

शाम को करीब एक घंटे तेज बारिश से आयोजन प्रभावित हुआ लेकिन जैसे ही बारिश थमी, लोगों का उत्साह दुगुना हो गया। राजा फतेह सिंह खेल मैदान और रावण भाटा इतवारी बाजार दोनों ही स्थलों पर जय श्रीराम के उद्घोष गूंज उठे।

### सिविल लाइन स्थित पिता की प्रतिमा और मां दुर्गा की प्रतिमा पर पूजा अर्चना कर निकली शाही सवारी राजा आर्यव्रत की

परंपरा अनुसार राजपरिवार की शाही सवारी कमल विलास पैलेस के पास




0 रियासत कालीन परंपरा आज भी कायम, राजा आर्यव्रत सिंह ने जनता-जनार्दन का किया अभिवादन स्वीकार,
0 आज भी क्षेत्रवासी राजा के दर्शन पाने आतुर रहते हैं,
0 भारी बारिश के बावजूद निकाली शाही सवारी और राजा फतेह सिंह खेल मैदान में भव्य रंग बिरंगी आकाशीय आतिशबाजी के बीच किया रावण के पुतले का दहन,
0 नगर दशहरा उत्सव समिति नगरपालिका के व्दारा विक्रांत सिंह की अगुवाई में निकली शोभायात्रा,
0 बांके बिहारी मंदिर परिसर से मां दुर्गा की प्रतिमा और राम-लक्ष्मण और हनुमान के साथ निकली शोभायात्रा,
0 रावण भाठा मे भव्य आतिशबाजी के बीच हुआ रावण दहन

देवभरा में पूजा अर्चन के बाद रश्मि देवी नगर से निकली और सिविल लाइन दुर्गा चौक पर स्थित पिता दिवंगत राजा देवव्रत सिंह की प्रतिमा एवं मां दुर्गा की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर आरती उतारी राजा आर्यव्रत सिंह और राजकुमारी शताक्षी सिंह ने, फिर शाही बग्घी पर सवार होकर नगर भ्रमण के लिए निकली और मेन रोड, आबेंडकर चौक, संगीत विश्वविद्यालय केम्पस होते हुए आराध्य की देवी मां दंतेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना कर राजफैमिली, हास्पिटल चौक, मस्जिद चौक, गोलबाजार, बक्शी मार्ग होते हुए इतवारी बाजार पहुंची, वहां से मां महामाया देवी किल्ला पारा के दर्शन के बाद शाही सवारी मेन रोड तुरकारी पारा, पुराना बस स्टैंड, जयस्तंभ चौक,नया बस स्टैंड होते हुए नगर भ्रमण कर राजा फतेह सिंह खेल मैदान पहुंची। इसके बाद फतेह मैदान में राजशाही परंपरा के अनुसार भव्य आकाशीय रंग बिरंगी आतिशबाजी के बीच रावण के पुतले का दहन किया गया।

इस अवसर पर समाजसेवी लाल अशोक सिंह, लाल राजेंद्र सिंह, लाल सुदेश सिंह, जितेन्द्र सिंह गौर, यतेंद्र जीत सिंह 'छोटू', कपिनाथ महोबिया, हरजीत सिंग, अरशद हुसैन, राजेश मिश्रा, चंदन साहू, सूरज महिलांगे, विश्वजीत सिंह, किसन रजक, पुरुषोत्तम वर्मा, मनोज बैद, पूनम राजपूत, भूपेंद्र वर्मा, सूरज देवांगन, राजा वर्मा, मन्नू जंघेल समेत बड़ी संख्या राजपरिवार के सदस्यों सहित नगरवासी मौजूद रहे। नगर पालिका परिषद एवं नगर दशहरा उत्सव समिति के संयोजन में बांके बिहारी मंदिर से पूजा-अर्चना के बाद मां दुर्गा, भगवान राम, लक्ष्मण और हनुमान की प्रतिमाओं के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। नगर दशहरा उत्सव समिति नगरपालिका परिषद समिति के संरक्षक विक्रांत सिंह और नगर पालिका अध्यक्ष गिरजा नंद चंद्राकर ने यात्रा का नेतृत्व किया। यह शोभायात्रा बांके बिहारी मंदिर,अस्पताल चौक, मां दंतेश्वरी मंदिर, मस्जिद चौक, गोलबाजार और बख्शी मार्ग से होती हुए रावण भाटा मैदान पहुंची। जहां आकर्षक और भव्य आतिशबाजी के बीच रावण के 51 फीट ऊंचे पुतले का दहन किया गया। यात्रा के दौरान श्रद्धालु डीजे और धूमाल की धुन पर थिरकते रहे और 'जय श्रीराम' के उद्घोष से पूरा नगर गूंज उठा। बारिश में भीगे रावण के पुतले को आग लगाने में थोड़ी मशक्कत हुई लेकिन मिट्टी तेल और अन्य संसाधनों से पुतला दहन किया गया। जैसे ही रावण धधका, मैदान आतिशबाजी और जयघोषों से झूम उठा।

### विजयादशमी पर्व, राजपरिवार के शही सवारी और नगर पालिका परिषद की शोभायात्रा को मद्देनजर पुलिस की चुस्त-दुरुस्त रही व्यवस्था

दशहरा उत्सव कार्यक्रम के दौरान जिला पुलिस ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए।। पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा स्वयं मौके पर मौजूद रहे। नगर दशहरा उत्सव समिति ने भी समुचित प्रबंधन किया। इस अवसर पर समिति संरक्षक विक्रांत सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष गिरजानंद चंद्राकर, विकेश गुप्ता, चंद्रशेखर यादव, सर्वेश सिंह, भाजपा के जिला अध्यक्ष बिसेशर साहू, समाजसेवी घम्मन साहू, जिला पंचायत सभापति दिनेश वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष लखन साहू, पार्षद एवं सभापति रूपेंद्र रजक, रेखा गुप्ता, अजय जैन, विनय देवांगन, सुमित टांडिया, पुष्पा सिंदूर, देविन कोठले, मोनिका रजक, राजेश देवांगन, दिलीप राजपूत, शैलेंद्र वर्मा, भाजपा उपाध्यक्ष नीलिमा महेश गोस्वामी, महामंत्री शशांक ताम्रकार, जिला भाजयुमो अध्यक्ष आयश सिंह, शहर भाजयुमो अध्यक्ष अनिश सिंह 'दादू', ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गोरेलाल वर्मा, रामाधार रजक, सूर्यदमन सिंह, कमलेश कोठले, संजय शर्मा, हेमू साहू, आलोक श्रीवास, ऋषभ सिंह बघेल, वेदांश सिह, लाल पवन सिंह, त्रिलोक कोठले, सीएमओ कमल ठाकुर, नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं नागरिकगण मौजूद रहे।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई

गांधीजी और शास्त्री जी ने हमें सिखाया कि सच्चाई और अहिंसा के रास्ते पर चलकर भी परिवर्तन लाया जा सकता हैं - रामजी भारती



डोंगरगढ़ (दावा)। देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को शहर भाजपा मंडल द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा नमन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने महापुरुषों की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांधीजी ने हमें सिखाया कि सच्चाई और अहिंसा के रास्ते पर चलकर भी कई परिवर्तन लाये जा सकते हैं। अहिंसा के मार्ग पर चलकर उन्होंने सत्याग्रह किया और शांतिपूर्ण आंदोलनों जैसे चंपारण सत्याग्रह, असहयोग आंदोलन, दांडी यात्रा, और भारत छोड़ो आंदोलन का प्रतिनिधित्व किया।

इसी प्रकार देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का प्रसिद्ध नारा था 'जय जवान, जय किसान'। यह नारा आज भी लोकप्रिय है, जो देश की रक्षा करने वाले जवानों तथा देश का पेट भरने वाले किसानों के महत्व को दर्शाता है। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती, सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक शशिकांत द्विवेदी वरिष्ठ जिला भाजपा उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह बन्नोआना, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश तिवारी, द्वारका प्रसाद शर्मा, नपा अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा ,शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बनोआना, मंडल महामंत्री विनीत यादव, विनय बंसल, कोषाध्यक्ष भागवत नामदेव, अलका जयेश सहारे, सरफराज नवाज, नगर पालिका सभापती रेखा राजेश राघौते, हरीश मोटघरे, देवेंद्र साखरे, डी यकेस राव, पार्षद शिवांगी साखरे, बबीता मलागार, शारदा यादव, लक्ष्मी यादव, कैलाश सोनवानी, मीना यादव, ज्योति बड़वाईक, आकाश सिंह राजपूत, मुकुंद कडरा, डिंपी महापात्रे, कुंदन साहू, ललित शर्मा, ओमप्रकाश साखरे, नवीन, शुभम परिहार, गीता मानिकपुरी, पूजा उजवने, अक्षय यादव, रामकुमार डरसेना सहित अन्य उपस्थित थे।

## ज्योति विसर्जन के बाद धूमधाम से मनाया गया विजयदशमी पर्व

स्व. लाल शंकर बहादुर सिंह के पूर्वजों द्वारा स्थापित श्री राधा कृष्ण मंदिर से भगवान का डोला निकाला गया

डोंगरगढ़/बेलगांव(दावा)। मां शीतला दुर्गा मां सरस्वती काली 9 दिन नवरात्र के पूजा अर्चना के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरागत जस गीतों के साथ ज्योति विसर्जन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। बेलगांव में ज्योति विसर्जन के बाद विजयदशमी का पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। स्वर्गीय लाल शंकर बहादुर सिंह के पूर्वजों द्वारा स्थापित श्री राधा कृष्ण मंदिर से भगवान का डोला निकाला गया।

जिसमें राम लक्ष्मण हनुमान अपनी सेना के रथ में सवार होकर तथा एक रथ में रावण मेघनाथ अपनी सेना के साथ सवार होकर बाजार चौक पहुंचा। जहां पर आदर्श दशहरा उत्सव समिति बरबसपुर खैरागढ़ द्वारा रामलीला की सुंदर प्रस्तुति दी गई। रामलीला मंडली द्वारा सीता हरण की कथा से लेकर





रावण वध तक लीला के माध्यम से बताया गया। जिसे ग्रामीणों ने खूब पसंद किया। रावण वध के बाद भगवान का डोला पुनः राधा कृष्ण मंदिर में स्थापित किया गया। भगवान के ढोला का घर-घर पूजा आरती की गई। दशहरा उत्सव मनाने हजारों की संख्या आसपास के तथा गांव के लोग मौजूद रहे।

## सी.सी.रोड निर्माण के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए खुज्जी विधायक भोलाराम साहू

छुरिया (दावा)। दिनांक 30 सितम्बर 2025 को टिपानगढ़ विकासखण्ड छुरिया में दूर्गा अष्ठमी हवन पूजन में शामिल एवं दुर्रेबंजारी,



छुरियाडोंगरी, केशोखैरी, रामतराई, घोटिया विकासखण्ड छुरिया में राशि पांच-पांच लाख रू. की सी.सी.रोड विकास/निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू पहुँचकर, विधिवत् मॉ दूर्गा माता की पूजा अर्चना किए तथा क्षेत्रवासियों के लिए सुख, शान्ति, समृद्धि की कामना किए। विधायक श्री साहू ने ग्रामवासियों एवं आगंतुकों के सुगम आवागमन सुविधा हेतु सी.सी.रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर समस्त ग्रामवासियों को बहुत-बहुत बधाई, शुभकामनाएं दिए तथा अतिथियों के आत्मीय स्वागत एवं उत्साह पूर्वक भेंट के लिए उन्होंने समस्त ग्रामवासियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस दौरान राजू सिन्हा कार्यकारिणी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष छुरिया, महेश मंडावी सरपंच प्रतिनिधि, विपिन यादव पूर्व जनपद सदस्य उपस्थित थे।

## पेटेश्री ग्राम के शराब कोचियो के हौसले बुलंद, राजनीति से जुड़े लोगों का संरक्षण से अवैध शराब एवं सट्टा का कारोबार फल-फूल रहा



राजनांदगांव (दावा)। जिले के तुमड़ीबोड़-कोहका पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ अंतर्गत आने वाले ग्रामों में एवं नेशनल हाईवे स्थित ढाबों में खुलेआम अवैध शराब बेची जा रही व सट्टा का कारोबार जोरों से चल रहा है। अवैध शराब एवं सट्टा के कारोबार पर अंकुश लगाने की मांग करते हुए ग्रामीणजनों ने बताया कि तुमडीबोड पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में अवैध शराब बिक्री एवं सट्टा का कारोबार जोर-शोर से चल रहा है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि नेशनल हाईवे की तुमडीबोड की यारा द ढाबा, सतविंदर ढाबा, बिहारी ढाबा, शेरे पंजाब ढाबा मलईडबरी, इंदामरा कोहका, पेटेश्री, बोदेला, सिवनीखुर्द, कोपेडीह, आलीखुटा सहित अनेक जगह खुलेआम शराब बिक्री एवं पीने पिलाने का कार्य जोरों से चल रहा है। अवैध शराब बिक्री के कारण बढ़ते युवाओं में नशा के प्रति आदत के कारण बीते दिनों में पेटेश्री ग्राम में महाकाल यात्रा के दौरान एक युवक की हत्या, नशे मे लत युवाओं के कारण हुई थी।

एक तरफ गांव-गांव में पूर्ण शराब बंदी की जा रही है, जिसका अच्छा प्रतिफल अच्छा माहौल लोगों को देखने में मिल रहा है। दूसरी तरफ खुले आम अवैध शराब बिक्री करके लोगों को मौत के मुंह की तरफ ले जा रहा है आज के छोटे-छोटे बच्चे नशे की लत की ओर बढ़ रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि मादक पदार्थों की रोकथाम के संबंध में ग्रामवासियों को जागरूक करने हेतु चर्चा की गई। जिससे नशा प्रवृत्ति के कारण घर परिवार में हमेशा लड़ाई झगड़ा होता है एवं गांव का माहौल खराब रहता है। ग्रामीणों ने कहा कि इसकी सूचना संबंधित पुलिस चौकी तुमडीबोड थाना प्रभारी को कई बार दी जा चुकी है लेकिन आज तक अवैध शराब एवं सट्टा का कारोबार बंद नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन, एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि गांवों, ढाबों में अवैध शराब एवं सट्टा का कारोबार को बंद करने की मांग की है।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती पर स्काउट्स-गाइड्स रोवर रेंजर्स द्वारा चलाया गया स्वच्छता अभियान

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर तथा जिला वार्षिक कार्यक्रम के तहत भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा जिला स्काउट्स-गाइड भवन राजनांदगांव में संगोष्ठी, स्वच्छता कार्य, आत्मसुरक्षा, सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया। राज्य उपाध्यक्ष भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राजेन्द्र गोलछा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री द्वारा देश के लिए किए गए कार्यों में बारे में बताया।

उन्होंने महापुरुषों के त्याग एवं बलिदान उनके व्यक्तित्व के माध्यम से नई पीढ़ी को प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित सर्वप्रथम की भावना को जागृत किया। उन्होंने सभी को विजयदशमी पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी और स्काउट गाइड रोवर रेंजर के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में विष्णु प्रसाद साव ने गाइड रेंजर को विषम परिस्थितियों हेतु आत्मसुरक्षा के गुर बताए। विभिन्न विद्यालयों के स्काउट्स-गाइर्ड रोवर रेंजरों ने परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष उमेश हथेल, जिला उपाध्यक्ष विष्णु प्रसाद साव, जिला मुख्य आयुक्त महेश खंडेलवाल, आजीवन सदस्य विजय टेम्भुरकर, जिला सचिव देवेंद्र अम्बादे, जिला संगठन आयुक्त स्काउट मयूख श्रीवास्तव, सचिव विकासखण्ड राजनांदगांव प्रवीण साव, स्काउट मास्टर मनीष सोनी सहित स्काउट्स-गाइड्स रोवर रेंजर्स उपस्थित थे।

## आज ढोड़िया (नदी) में साकेत साहित्य परिषद का 26 वां वार्षिक समारोह

### तीन सत्र में कार्यक्रम का आयोजन : परिचर्चा, साकेत सम्मान एवं कवि सम्मेलन होगा



राजनांदगांव (दावा)। शहर से 7 किलोमीटर दूर ग्राम ढोड़िया (नदी) में 5 अक्टूबर को साकेत साहित्य परिषद सुरगी द्वारा ग्रामवासी ढोड़िया के सहयोग से 26 वां वार्षिक सम्मान समारोह, परिचर्चा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। परिषद के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू अंकुर, कोषाध्यक्ष सचिन निषाद, पूर्व अध्यक्ष लखन लाल साहू लहर ने बताया कि तीन सत्र में आयोजित यह कार्यक्रम सुबह 10.30 से प्रारंभ होकर शाम 6 बजे तक चलेगा। प्रथम सत्र में 'मर्ज होती शिक्षा व्यवस्था' पर परिचर्चा का आयोजन गया है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सुधीर शर्मा वरिष्ठ साहित्यकार रायपुर उपस्थित रहेंगे एवं अध्यक्षता बद्री प्रसाद पारकर वरिष्ठ साहित्यकार भिलाई करेंगे। विशिष्ट वक्ता के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार सीताराम साहू श्याम, वरिष्ठ साहित्यकार पैरी, बालोद, हरभजन सिंह भाटिया प्रखर वक्ता, मानस मर्मज्ञ सुरगी एवं आधार वक्तव्य कुबेर सिंह साहू वरिष्ठ साहित्यकार एवं संरक्षक साकेत साहित्य परिषद सुरगी देंगे। स्वागत भाषण ओम प्रकाश साहू अंकुर अध्यक्ष, साकेत साहित्य परिषद सुरगी, संचालन महेन्द्र कुमार बघेल मधु वरिष्ठ साहित्यकार डोंगरगांव एवं आभार व्यक्त अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा वरिष्ठ साहित्यकार पिनकापार, बालोद करेंगे। द्वितीय सत्र 12:30 बजे से साकेत सम्मान सत्र प्रारंभ होगा। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में सचिन सिंह बघेल, अध्यक्ष, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित एवं अध्यक्षता कोमल सिंह राजपूत अध्यक्ष, जिला भाजपा करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिमा पप्पू चंद्राकर अध्यक्ष, जनपद पंचायत, देव कुमारी साहू, सदस्य, जिला पंचायत, रोहित चंद्राकर, लीलाधर साहू, विवेक कुमार साहू, दिल्लूराम साहू, सरपंच, ढोड़िया, सुग्रीव साहू, सरपंच, सुरगी, मानषी अभिषेक चंद्राकर जनपद सदस्य, रोहित चंद्राकर जनपद सदस्य, श्रीमती मधु सुकृत साहू, खिलेश्वर साहू मंडल अध्यक्ष ग्रामीण भाजपा आदि करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में साकेत साहित्य परिषद सुरगी के सदस्य एवं ग्रामवासी ढोड़िया जुटे हुए हैं।

## विजयादशमी पर मंदिर में की गई शस्त्र पूजा



छुईखदान (दावा)। विजयादशमी दशहरा पर्व पर 2 अक्टूबर 2025 गुरुवार को रानी मंदिर छुईखदान में भगवान श्री लक्ष्मी नारायण की पूजा अर्चना करते हुए शक्ति उपासना पर्व पर शस्त्र पूजा किया गया। रानी मंदिर समिति संरक्षक राजपरिवार के लाल जे.के. वैष्णव ने जानकारी दी कि छुईखदान रियासत कालीन परम्परा में प्रतिवर्ष अनुसार नौ दिन शक्ति उपासना के साथ ही दसवें दिन विजय की प्रार्थना करते हुए हल्दी कुमकुम टीका लगाकर विधि-विधान से शस्त्र की पूजा करते हुए रक्षा सूत्र बांधते हैं। दशहरा विजयादशमी पर्व पर भगवान श्री राम जी एवं वीर बजरंगबली हनुमान जी एवं मां दुर्गा जी की शस्त्रों के साथ विशेष पूजा अर्चना करते हैं। शस्त्र पूजा का धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व विजय के प्रतीक स्वरूप है। दशहरा पर्व पर नीलकंठ पक्षी के दर्शन महत्व को बताया।

## सत्ता तुम्हारी बपौती नहीं जो महतारी एक्सप्रेस में भी दारू तस्करी करवाओ - भागवत साहू



o कोमल के बयान पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण ने दिया कठोर जवाब

राजनांदगाँव (दावा)। महतारी एक्सप्रेस जिसे प्रदेश सरकार ने गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित प्रसव के लिए अस्पताल पहुँचाने की महत्वाकांक्षी योजना के रूप में शुरू किया था अब विवादों के घेरे में आ गई है। हाल ही में इस सेवा के वाहनों से शराब तस्करी की खबर सामने आने के बाद भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने हैं। जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के बयान पर कड़ा पलटवार करते हुए जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि सत्ता भाजपा की बपौती नहीं है। जो जनकल्याणकारी योजनाओं को भी अवैध धंधों में झोंक दे।

श्री साहू ने आगे कहा कि भाजपा का असली चेहरा एक बार फिर जनता के सामने आ गया है। महतारी एक्सप्रेस का उद्देश्य मातृ सम्मान और सुरक्षित प्रसव था। लेकिन भाजपा ने इस योजना को भी अपनी तिजोरी भरने का जरिया बना डाला। गर्भवती माताओं को अस्पताल पहुँचाने वाली गाड़ी से शराब की तस्करी करवाई जा रही है यह निंदनीय ही नहीं बल्कि शर्मनाक भी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता में बने रहने के लिए हर तरह की जोड़-तोड़ और गैरकानूनी हथकंडे अपनाने में लगी है। सत्ता तुम्हारी बपौती नहीं है जनता तुम्हें सबक सिखाना जानती है। पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह पर भी सीधा निशाना साधा। उन्होंने आगे कहा रमन सिंह के निर्वाचन क्षेत्र राजनांदगाँव में कानून व्यवस्था की हालत यह है कि अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। शराब, जुआ, सट्टा जैसे अवैध कारोबार धड़ल्ले से चल रहे हैं। पुलिस की भूमिका संदिग्ध बनी हुई है और भाजपा नेता चुप्पी साधे बैठे हैं।भाजपा जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है लेकिन अब जनता सब समझ चुकी है। उन्होंने कहा महतारी वंदन योजना का पैसा बाँटकर वोट खरीदने की कोशिश से लेकर अब महतारी एक्सप्रेस के दुरुपयोग तक भाजपा का असली चेहरा उजागर हो चुका है। जनता इनकी सच्चाई देख रही है और आने वाले समय में जवाब भी देगी। इस पूरे मामले में भाजपा नेताओं की भूमिका की निष्पक्ष जाँच होनी चाहिए। यदि महतारी एक्सप्रेस से शराब तस्करी का मामला सच है तो भाजपा नेताओं की मिलीभगत से ही यह संभव हो सकता है। ऐसे में भाजपा नेताओं की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि वे सामने आएँ और जवाब दें। इस आरोप-प्रत्यारोप के बाद जिले में राजनीतिक सरगर्मी और तेज हो गई है। कांग्रेस जहां भाजपा को कटघरे में खड़ा कर रही है वहीं भाजपा नेताओं के जवाब का इंतजार है। महतारी एक्सप्रेस जैसी संवेदनशील योजना का नाम शराब तस्करी से जुड़ने पर जनता में भी आक्रोश की लहर देखी जा रही है।

## घुपसाल में डोम निर्माण कार्य के लिए विधायक ने 4 लाख की दिलाई स्वीकृति



राजनांदगांव (दावा)। ग्रामीण साहू समाज घुपसाल ने जताया विधायक भोलाराम साहू का आभार। ग्राम घुपसाल (कुमरदा) में विधायक भोलाराम साहू द्वारा साहू सामुदायिक भवन के पास डोम निर्माण हेतु 4 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसके लिए ग्रामीण साहू समाज घुपसाल के अध्यक्ष केशव साहू, उपाध्यक्ष कोमलसिंह साहू, सचिव डोमेश्वर साहू, वीरेन्द्र कुमार साहू, उपकोषाध्यक्ष खिलावन साहू, कोषाध्यक्ष लोमस दास साहू, टीकम दास साहू, मुकेश साहू, जवाहर साहू, गोरेलाल साहू, सेवक राम साहू, फणेश्वर साहू, नागेश साहू ने विधायक श्री साहू जी का विशेष आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। आगे समाज के मीडिया प्रभारी मुकेश साहू ने बताया कि इस डोम की मांग लम्बे समय से चल रहा था जिसे विधायक महोदय ने सहर्ष स्वीकार कर स्वीकृति प्रदान किया जो कि हमारे सामाजिक व समस्त ग्रामवासियों के लिए शादी ब्याह एवं विभिन्न कार्यक्रमों के लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगा।

## कबड्डी एक प्राचीन व पारंपरिक खेल-संजय सिन्हा



समापन मे पहुंचे जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा

छुरिया (दावा)। विकासखंड के ग्राम पंचायत मगरधोखरा के आश्रित ग्राम रीवाटोला मे एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन युवा सेवा क्लब के तत्वाधान में रखा गया। इस समापन अवसर के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत छुरिया के अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि कबड्डी एक ऐसा खेल है जो शक्ति, फुर्ती, साहस और टीम भावना का अद्भुत संगम है। यह भारत की परंपरा और संस्कृति से जुड़ा हुआ खेल है। इसमें खिलाड़ी अपने दम-खम और सांस की लय को नियंत्रित करते हुए विरोधियों को मात देने का प्रयास करता है। यह खेल हमें अनुशासन, एकाग्रता और धैर्य सिखाता है। कबड्डी में खिलाड़ी को न केवल शारीरिक रूप से सशक्त होना चाहिए, बल्कि मानसिक रूप से भी सतर्क रहना पड़ता है। इसमें आक्रमण और बचाव दोनों ही पक्षों का महत्व होता है।

कबड्डी से बच्चों और युवाओं में आत्मविश्वास, साहस और टीमवर्क की भावना विकसित होती है। यह शरीर को चुस्त-दुरुस्त और स्वस्थ रखने का भी उत्तम साधन है। ग्रामीण खेल होने के बावजूद आज कबड्डी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनाई है और भारत को गर्व का अनुभव कराया है। अतः कबड्डी केवल एक खेल नहीं, बल्कि जीवन का पाठ भी है, जो हमें संघर्ष में डटे रहने और विजय पाने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर मुख्यरूप रूप से नैनसिह पटेल उपाध्यक्ष मंडल भाजपा छुरिया, टीकम साहू युवा भाजपा नेता, कमलेश सेवता सरपंच, जेठु राम पूर्व सरपंच, विनोद वैष्णव, गुलाब साहू, डकवार दास वैष्णव, ईश्वर कंवर पंच, काजल मंडावी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और खिलाड़ी गण उपस्थित रहे।

## स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत मानपुर में मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन

मोहला (दावा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर प्रारंभ स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक पूरे देश में संचालित किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं को एनीमिया जैसी बीमारी से मुक्त कर स्वस्थ और मजबूत परिवार की नींव रखना था। अभियान के अंतर्गत महिलाओं की निःशुल्क खून की जांच, स्वास्थ्य परीक्षण एवं शासन की विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ. विजय खोब्रागडे के मार्गदर्शन में 01 अक्टूबर 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मानपुर में मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, सर्जरी विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ एवं अन्य चिकित्सा अधिकारियों द्वारा विकासखण्ड मानपुर के ग्रामीण मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ.गिरीश खोब्रागडे ने जानकारी दी कि ग्राम स्तर पर पूर्व में स्वास्थ्य शिविर लगाए गए थे। जिनमें चिन्हित गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को मितानिन, एमटी, एनएम एवं आरएचओ के सहयोग से इस मेगा हेल्थ कैम्प में लाया गया। कैम्प में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा स्त्री रोग के 45, हड्डी रोग के 25, शिशु रोग के 24, सर्जरी के 8 एवं नेत्र रोग के 47 मरीजों का सफलतापूर्वक इलाज किया गया। इस तरह कुल 261 मरीजों को शिविर के माध्यम से लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर डीपीएम राकेश कुमार वर्मा, डॉ.मोहन टिकम, डॉ. देवेन्द्र ठाकुर, डॉ.सुनील गायकवाड एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मानपुर के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वैष्णव महंत राजा बलराम दास की स्मृति में 'राजा जी चौक' का नामकरण




राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा राजनांदगांव द्वारा आज दिनांक 02 अक्टूबर 2025 को विजयादशमी के शुभ अवसर पर रायपुर नाका के आगे बायपास चौक को महंत राजा बलराम दास की स्मृति में राजा जी चौक बनाने की घोषणा करते हुए वैष्णव समाज के द्वारा बायपास चौक पर राजा जी चौक का बोर्ड लगाया गया। राजा जी को याद करते हुए राजनांदगांव रियासत के महंत वैष्णव राजाओं का जयकारा लगाया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा के अध्यक्ष संतोष वैष्णव ने कहा कि राजनांदगांव वैष्णव राजाओं का रियासत रहा हैं लेकिन पूरे शहर में किसी भी स्थल पर इन महान दानवीर राजाओं की स्मृति में एक भी चौक-चौराहा नहीं हैं। यह स्थल छत्तीसगढ़ प्रदेश के राजधानी से आते हुए संस्कारधानी राजनांदगांव में प्रवेश होने का स्थल है इसलिए इस चौक को वैष्णव महंत राजा बलराम दास की स्मृति में राजा जी चौक के नाम से जाना जाए। इसी के साथ ही समाज शासन प्रशासन से मांग करता हैं कि इस चौक को राजा जी चौक के नाम से मान्यता प्रदान की जावे। आज वैष्णव समाज के पदाधिकारियों एवं सामाजिक बंधुओं के द्वारा राजा जी चौक का बोर्ड लगाया गया।

उक्त कार्यक्रम में जिला प्रभारी शिव कुमार वैष्णव, जिलाध्यक्ष संतोष वैष्णव, जिला महासचिव संदीप वैष्णव, जिला उपाध्यक्ष कमलेश वैष्णव, राजू वैष्णव, विधि सलाहकार जितेंद्र वैष्णव, समाजसेवी देवकुमार निर्वाणी, राकेश वैष्णव, सुरेन्द्र वैष्णव, भावेश वैष्णव, जीतू बैरागी, दिग्विजय वैष्णव, विश्वास वैष्णव, मनोज निर्वाणी, शौर्य वैष्णव एवं अन्य वैष्णवजन उपस्थित रहे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

### मुंबई के दूसरे हवाई अड्डे का शुभारंभ.....

कुछ उड़ानें इस नए हवाई अड्डे पर स्थानांतरित करने की घोषणा कर दी है। यह हवाई अड्डा 1,160 हेक्टेयर में फैला है। पूरी तरह बनने पर इसमें चार टर्मिनल होंगे, जो सालाना नौ करोड़ यात्रियों और 32.5 लाख टन कार्गो को संभाल सकेंगे। यह एशिया के सबसे बड़े हवाई केंद्रों में से एक होगा। वर्तमान में पहला टर्मिनल पूरा हो चुका है, जिसमें सालाना दो करोड़ यात्री और आठ लाख टन कार्गो की क्षमता है और एक रनवे है। मुंबई का मौजूदा हवाई अड्डा लगभग साढ़े पांच करोड़ यात्रियों को संभालता है। नए हवाई अड्डे के पूरा होने पर दोनों मिलकर लगभग 15 करोड़ यात्रियों की सेवा देंगे, जो इसे विश्व का बड़ा हवाई केंद्र बनाएगा। पहले चरण में लगभग 19,647 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं, जबकि सभी चार टर्मिनल बनने पर कुल लागत लगभग एक लाख करोड़ रुपये होगी। यह पहला ऐसा हवाई अड्डा होगा जो एक्सप्रेसवे, हाईवे, मेट्रो, उपनगरीय रेल और वाटर टैक्सी से जुड़ा होगा। यह एक हरित (ग्रीन) हवाई अड्डा भी होगा क्योंकि इसमें टिकाऊ विमान ईंधन (सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल) का भंडारण सुविधा मौजूद होगी। यह हवाई अड्डा बहुत ही प्रभावी होगा और इसमें ऑटोमेटेड पैसेंजर पीपल्स मूवर सुविधा भी होगी, जो चारों टर्मिनल को आपस में जोड़ेगी। इस बीच, केंद्र सरकार ने 19,647 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का नाम बदलने की मंजूरी दे दी है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि इस एयरपोर्ट का नाम दिवंगत सामाजिक कार्यकर्ता डीबी पाटिल के नाम पर रखा जाएगा। पाटिल को उनके काम को लेकर व्यापक रूप से सराहा गया था, क्योंकि उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि परियोजना प्रभावितों को उचित मुआवजा मिले। फडणवीस ने कहा कि एयरपोर्ट के आधिकारिक नाम की घोषणा यात्री परिचालन शुरू होने पर की जाएगी। नाम बदलने के फैसले को विधानमंडल के दोनों सदनों ने पहले ही अपनी मंजूरी दे दी थी।

### श्रीनगर पुलिस का एक्शन....

गया। उसे 2022 में पहली बार दिल्ली में 5 किलोग्राम आरडीएक्स के सथ पकड़ा गया था। वो दिल्ली में सीरियल बम धमाके की साजिश रच रहा था। उसे 7 अगस्त 2023 को दस साज की सजा सुनाई गई थी। रिहा होने के बाद वो पाकिस्तान चला गया और आतंकी संगठन टीआरएफ का नेता बन गया। टीआरएफ ने ही पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी। पहलगाम में 26 भारतीय पर्यटकों की धर्म पूछकर बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। इस आतंकी हमले का मास्टरमाइंड सज्जाद गुल ही था। एनआईए ने सज्जाद गुल को 2022 में ही आतंकी घोषित कर दिया था। उस पर 10 लाख रुपये का इनाम रखा गया था। वो कई टारगेट किलिंग में शामिल रहा है। ऐसे में श्रीनगर पुलिस की ओर से सज्जाद गुल के घर को कुर्क करने की कार्रवाई को आतंक के खिलाफ बड़े एक्शन माना जा रहा है।

### चुनाव से पहले बिहार के युवाओं को....

का विस्तार, नौजवानों के लिए युवा आयोग, हजारों युवाओं को पक्की सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र, ये सब बिहार के युवाओं के बेहतर भविष्य की गारंटी है। उन्होंने दावा किया कि एनडीए की डबल इंजन सरकार लगातार बिहार की शिक्षा संस्थाओं को आधुनिक बनाने में जुटी है। उन्होंने कहा कि आईटीआई पटना में इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार का काम भी शुरू हो चुका है। आज भी बिहार में कई बड़े शिक्षा संस्थानों के आधुनिकीकरण का काम आरंभ हुआ है। एनआइटी पटना के बिहटा कैंपस को भी अब होनहार विद्यार्थियों के लिए खोल दिया गया है। इसके अलावा पटना यूनिवर्सिटी, भूपेंद्र मंडल यूनिवर्सिटी, जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा और नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी, इन सभी संस्थानों में नए एकेडेमिक इंफ्रास्ट्रक्चर की नींव रखी गई है। पीएम ने कहा कि अच्छे संस्थानों के साथ-साथ नीतीश सरकार बिहार के नौजवानों की पढ़ाई का खर्च भी कम कर रही है। स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड से मिलने वाले एजुकेशन लोन को ब्याजमुक्त कर दिया गया है। ये बिहार सरकार का निर्णय है। इतना ही नहीं, विद्यार्थियों के लिए स्कालरशिप भी 1800 से बढ़ाकर के 3600 रुपये कर दी गई है। पीएम ने राज्य सरकार की मुख्यमंत्री निश्चय स्वयंसहायता भत्ता योजना का भी शुभारंभ किया, जिसमें पांच लाख स्नातकों को दो वर्ष तक प्रतिमाह एक हजार रुपये दिए जाएंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि हमारी आइटीआइ इंडस्ट्रियल एजुकेशन के बेहतरीन संस्थान तो हैं ही, ये आत्मनिर्भर भारत की कार्यशाला हैं, इसलिए हमारा फोकस इनकी संख्या बढ़ाने के साथ ही इनको लगातार अपग्रेड करने पर भी है। इंडस्ट्री को आज कैसी स्किल चाहिए, 10 साल बाद किस प्रकार की स्किल लगेगी, इसके लिए आइटीआइ नेटवर्क को तैयार किया जा रहा है। आज 60 हजार करोड़ रुपये की पीएम सेतु योजना की शुरुआत की गई है। 1000 से ज्यादा आइटीआइ को इसके माध्यम से अपग्रेड किया जाएगा। 34 राज्यों के जवाहर नवोदय विद्यालयों और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में 1200 स्किल लैब का वर्चुअल उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ज्ञान और कौशल का देश है। यही बौद्धिक शक्ति हमारी सबसे बड़ी ताकत है। कार्यक्रम में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री जुएल ओरांव और राजीव रंजन वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे, जबकि कार्यक्रम की प्रस्तावना कौशल विकास मंत्री जयन्त चौधरी ने रखी। शिक्षा राज्य मंत्री सुकांता मजूमदार भी मंचासीन थे।

### रायपुर में सराफा कारोबारी से लूट.....

बताए जा रहे हैं। राहुल गोयल आगरा से रायपुर आकर गहने बेचते हैं। घटना को लेकर एडिशनल एसपी लखन पटले ने बताया कि, चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। उस दौरान कारोबारी के हाथ- पैर रस्सी से बंधे थे। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि, बदमाशों ने कारोबारी के फ्लैट से 86 किलो चांदी के गहनों की चोरी की है। हम आसपास के सीसीटीवी के जरिये आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं फिलहाल मामले की जांच जारी है।

### मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का शुभारंभ.....

इन क्षेत्रों में कुल 34 मार्गों पर 34 बसों का संचालन प्रारंभ होगा। इस पहल से 11 जिलों के 250 नए गांव बस सेवा से जुड़ेंगे। यह प्रयास विशेष रूप से उन ग्रामीण क्षेत्रों के लिए वरदान साबित होगा, जहां सड़क संपर्क सीमित है और लोग जिला मुख्यालय या अन्य महत्वपूर्ण स्थानों तक पहुंचने के लिए लंबी दूरी पैदल तय करते हैं। मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत से लेकर जिला मुख्यालय तक निर्बाध बस कनेक्टिविटी सुनिश्चित करना है।

इससे ग्रामीणों को स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और बाजार जैसी आवश्यक सेवाओं तक पहुंचने में आसानी होगी। योजना के तहत संचालित बसें समयबद्ध और सुरक्षित यात्रा का भरोसा देंगी, जिससे ग्रामीणों का समय और संसाधन दोनों की बचत होगी। योजना की दीर्घकालिक सफलता सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने बस संचालकों को वायबिलिटी गैप फंडिंग प्रदान करने का प्रावधान किया है। यह वित्तीय सहयोग संचालकों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाएगा, ताकि वे इन दूरस्थ क्षेत्रों में निरंतर सेवा दे सकें। यह कदम न केवल परिवहन सुविधाओं को मजबूत करेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन में भी योगदान देगा। इस योजना के तहत लगभग 250 गांव पहली बार बस सेवा से जुड़ रहे हैं। यह ग्रामीण छत्तीसगढ़ के लिए एक ऐतिहासिक कदम है, जो सामाजिक और आर्थिक विकास को गति देगा। ग्रामीणों को अब अपनी आवश्यकताओं के लिए लंबी दूरी पैदल तय करने या निजी वाहनों पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं होगी।

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वरिष्ठ नागरिकों का किया सम्मान

मोहला (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर मोहला एवं अंबागढ़ चौकी में वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 600 वरिष्ठ नागरिकों को शॉल, श्रीफल, वॉकिंग स्टिक एवं छतरी प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नागरिकों को भरण-पोषण अधिनियम एवं अन्य कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई। योगाचार्य अभिषेक श्रीवास्तव सुख शांति समाधान संस्था रायपुर द्वारा योग व प्राणायाम कराया गया एवं सभी को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। झमाझम लोक कला मंच द्वारा छत्तीसगढ़ी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। साथ ही दो दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल प्रदान की गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह, पूर्व विधायक संजीव शाह, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# चोरी के आरोपी को 24 घण्टे के भीतर ठेलकाडीह पुलिस ने किया गिरफ्तार



खैरागढ़ (दावा)। चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले को ठेलकाडीह पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी दिलीप पारख पिता फूलचंद पारख उम्र 50 साल निवासी ग्राम महरूमकला थाना ठेलकाडीह जिला केसीजी ने थाना में उपस्थित होकर गुरुवार 02 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराया कि करीबन तीन चार माह पहले बनुठिया कृषि केन्द्र ठेलकाडीह से मकान बनवाने के लिये करीबन 17 क्विंटल लोहे का सरिया खरीदकर घर के सामने आंगन में खुले में रखा था। 21 सितंबर को सुबह करीबन 07.00 बजे सोकर उठा तो देखा कि सामने रखे सरिया ढेर में से 05 बंडल लोहे का सरिया वजन करीबन 03.50 क्विंटल कीमती करीबन 17500 रू नही था। जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था, कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपीयों की पता तलाश एवं माल मुल्जिम की पतासाजी तत्काल शुरू की गई। इसी दौरान मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि संदेही 1. पीलेश्वर ऊर्फ पीलू वर्मा पिता केवल राम वर्मा उम्र 22 साल निवासी ग्राम महरूमकला थाना ठेलकाडीह जिला केसीजी (छ.ग.) 2. मुकेश वर्मा पिता स्व. गोविंद वर्मा उम्र 27 साल साकिन ग्राम महरूमकला थाना ठेलकाडीह जिला के.सी.जी. का लोहे के सरिया को मुकेश वर्मा के घर लकडी से ढककर छुपाकर रखे है, कि सूचना पर दोनों संदेहियों को हिरासत मे लेकर कडाई से पुछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार किये, जिनसे मेमोरण्डम कथन लेकर चोरी गये लोहे के सरिया दो बंडल वजन 140 कि.ग्रा. कीमती 7000 रू. को मुकेश के बाडी से बरामद किया गया। तीन बण्डल सरिया को काट काट कर टिन टप्पर कबाडी सामान खरीदने वाले के पास बेचना बताये, आरोपीयों के विरूद्ध अपराध धारा सदर का अपराध सबुत पाये जाने से 03 अक्टूबर को गिरफ्तार कर आरोपी पीलेश्वर ऊर्फ पीलू वर्मा व मुकेश वर्मा को न्यायालय खैरागढ़ ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

# प्रज्ञागिरी समीप फार्महाउस से मूर्ति चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के प्रज्ञा गिरी पहाड़ी समीप स्थित एक फार्म हाउस से मूर्ति चोरी कर वाले आरोपी को धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया है। डोंगरगढ़ थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार शाह ने बताया कि गत दिनों 5 अगस्त को डोंगरगढ़ प्रज्ञागिरी स्थित योगी तरूण क्रान्ती के फार्म हाउस से मुर्ति चोरी हुई थी। जिसका पता तलाश किया जा रहा था। पुलिस को उक्त कार्य में सफलता मिली। पुलिस द्वारा पकड़ा गया उक्त मूर्ति चोर डोंगरगढ़ का ही गुण्डा बदमाश है। उक्त आरोपी इसके पूर्व लूट, चोरी, आगजनी, अवैध शराब बिक्री जैसे कि ई अपराध कर चुका है।

घटना के संबंध में श्री शाह ने बताया कि प्रार्थी विजय अग्रवाल पिता स्व. प्रहलाद अग्रवाल उम्र- 55 साल निवासी भगत सिंह चौक डोंगरगढ़ द्वारा 5 अगस्त को थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि ग्राम कुर्रुभाट प्रज्ञागिरी के पास छोटे भाई तरूण क्रान्ती योग का फार्म हाउस है जिसमें बरामदा में रखी भगवान गणेश ,लक्ष्मी माता, काली माता, बुद्ध, सरस्वती माता की मूर्ति तथा अन्य छोटी मूर्ति को उसी दिनांक की रात्रि में कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अप.क्र. 398/2025 धारा- 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। तथा इस संबंध में जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सूचना दी गई व उनके दिशा निर्देश व मार्गदर्शन में अज्ञात आरोपी एवं चोरी गये माल की पता तलाशशुरू कर दी गई। इस दौरान घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा एवं अन्य तकनीकी साक्ष्य की मदद से संदेही आरोपी सुमीत घरड़े पिता रमेष घरड़े उम्र 28 साल निवासी भुरवाटोला डोंगरगढ़, थाना डोंगरगढ़ को हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया तो आरोपी सुमीत घरड़े द्वारा चोरी करना स्वीकार किया गया। पुलिस ने आरोपी से चोरी गये मुर्ति को बरामद कर जप्त किया गया है। आरोपी द्वारा धारा सदर का अपराध करना सबुत पाये जाने पर उसे 2 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे ज्युडिषियल रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है।

# भाजपा नर्मदा मण्डल के पदाधिकारियों ने की जिपं. उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह से सौजन्य मुलाकात

## टीम को मिली शुभकामनाएँ, संगठन को मजबूत करने पर हुआ चर्चा



गंडई/पंडरिया(दावा)। भाजपा नर्मदा मण्डल के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने शुक्रवार को खैरागढ़ पहुँचकर केसीजी जिला पंचायत के उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नई जिम्मेदारी मिलने पर उत्साह जताया और पार्टी संगठन के प्रति अपनी निष्ठा दोहराई।

विक्रांत सिंह ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि पार्टी को मजबूती देने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने सभी बूथों में सामंजस्य स्थापित करने और मिलजुलकर संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने की बात कही। नवीन टीम की इस पहल से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार देखा गया। मुलाकात के दौरान पदाधिकारियों ने विक्रांत सिंह से मार्गदर्शन प्राप्त किया और पार्टी के कार्यों पर भी संक्षिप्त चर्चा हुई। इस अवसर पर केसीजी जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष घम्मन साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता टीके चन्देल, नर्मदा मण्डल भाजपा अध्यक्ष आनंद पटेल, भीखू हिरवानी, खेलन वर्मा, बालकृष्ण जंघेल, अवधेश मिश्रा, अनुज साहू, शिव पटेल, देवलाल साहू, बल्लु जंघेल, अमरसिंह मंडावी, प्रेम लाल जंघेल, बलराम जंघेल सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहें। भाजपा पदाधिकारियों की यह मुलाकात आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने और मण्डल स्तर पर एकजुटता दर्शाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती पर ग्रामों में चलाया गया स्वच्छता अभियान



राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर जिले के विभिन्न ग्राम में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ श्रमदान कर ग्राम के विभिन्न स्थलों की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही रैली निकालकर ग्राम को स्वच्छ के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने स्वच्छता की शपथ ली तथा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया।

कार्यक्रम में सरपंच, सचिव, गणमान्य नागरिकों ने महात्मा गांधी के स्वच्छता और राष्ट्र के प्रति उनके विचारों के संबंध में जानकारी दी। गांव में स्वच्छता बनाए रखने के लिए घर-घर से कचरा संग्रहण करने, उसका पृथक्करण करने वाले स्वच्छाग्राही समूह सदस्यों को उनके योगदान के लिए श्रीफल, सुरक्षा किट, साड़ी सहित अन्य सामग्री भेंट कर सम्मानित किया गया। ग्रामीणों से गीला एवं सूखा कचरा अलग रखने, उसका सुरक्षित निपटान कर अलग-अलग देने, निर्धारित समय में स्वच्छता शुल्क देने का आग्रह किया गया। ग्राम स्तर पर स्वच्छता ही सेवा थीम पर गीत, नाटक, मेहंदी, चित्रकला, रंगोली सहित अन्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया।

# प्राचीन कबीर मठ धाम नादिया में ध्वजारोहण सह दानवीर मंगतू ठाकुर पुण्य स्मृति मनाई गई



राजनांदगांव (दावा)। जिले के प्राचीन कबीर मठ धाम नादिया (खुज्जी) में संत सत्येंद्र साहब शास्त्री धर्माधिकारी श्री कबीर साहेब मठ ट्रस्ट समिति एवं समस्त ग्रामवासी कबीर मठ नादिया खुज्जी द्वारा 1 अक्टूबर को ध्वजारोहण सह दानवीर मंगतू ठाकुर पुण्य स्मृति कार्यक्रम (नवमी उत्सव)का आयोजन किया गया। भारत भूमि के रत्न आध्यात्मिक मूल्यों के पोषक संत मत के प्रवर्तक युग दृष्टा संत शिरोमणि सद्गुरु कबीर साहेब की प्रेरणास्थली संतों की तपोभूमि छत्तीसगढ़ के प्राचीन एवं ऐतिहासिक श्री कबीर साहेब मठ धाम धर्मनगर नादिया की गौरवशाली परम्परानुसार नांदवंशाचार्य पंत हजूर स्वामी मंगल साहेब के पावन सानिध्य में आयोजित हुआ। सदुरु सेवा साहेब ने दानवीर मंगतू ठाकुर के सहयोग से कबीर मठ धाम नादिया की स्थापना किए थे। संत सेवा साहब परम विरक्त संत थे। मालगुजार मंगतू ठाकुर ने अपने संपूर्ण संपत्ति 260 एकड़ जमीन व अन्य धन संपत्ति को साहेब के चरणों में समर्पित कर दिया। इस प्रकार कबीर आश्रम नदिया की शुरुआत हुई। दानवीर मंगतू ठाकुर की इच्छा थी कि उनकी भी समाधि आश्रम में बनाया जाए और उन पर प्रत्येक वर्ष ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित हो, उन्हीं की पुण्य स्मृति में यह ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित हुआ। ध्वजदाता घनश्याम साहू द्वारा प्रदान किया गया और उसे ध्वजारोहण किया गया इसके अलावा श्वेत धर्म ध्वजारोहण गुरु महिमा बीजक पाठ सत्संग भजन प्रवचन एवं सात्विक चौका आरती, शोभायात्रा पश्चात भंडारा कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। यह जानकारी संत सत्येंद्र शास्त्री धर्मधिकारी श्री कबीर मठ ट्रस्ट समिति नादिया द्वारा दिया गया।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 14 नवम्बर तक वार्डो में शिविर

## जून से अगस्त 3 माह के पेंशन का होगा भुगतान

राजनांदगांव (दावा)। नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह जून से अगस्त 2025 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 29 सितम्बर 2025 से 14 नवम्बर 2025 तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 4 अक्टूबर को शासकीय मुद्रणालय वार्ड नं. 6 व महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड नं. 10 के लिए शिव मंदिर के पास सामुदायिक भवन में, 6 अक्टूबर को चिखली वार्ड नं. 5 के लिए शीतला मंदिर चिखली में एवं 7 अक्टूबर को महात्मा गांधी वार्ड नं. 7 व शंकरपुर वार्ड नं. 9 के लिए हॉस्पिटल परिसर शंकरपुर में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डो के लिये भी शिविर आयोजित किये जायेगे।

निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक उपस्थित होकर माह जून से अगस्त 2025 की पेंशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।वर्सन- क्षेत्र में पुलिस अवैध शराब के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहे है, आगे भी कार्रवाई होगी। जहां पुलिस को जानकारी मिलेगा वहां हम तत्काल कार्रवाई करेगें।

# कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय में गरबा ग्लो 2025



राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय राजनांदगांव द्वारा आयोजित 'गरबा ग्लो 2025' नृत्य प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के विभिन्न विभागों से आई टीमों ने भाग लिया और गरबा की रंगीन परंपरा को जीवंत प्रस्तुतियों के माध्यम से मंच पर उतारा। विद्यार्थियों की ऊर्जा, परंपरा के प्रति सम्मान और रचनात्मकता ने आयोजन को अत्यंत आकर्षक बना दिया। कॉलेज परिसर गरबा की लय और पारंपरिक वेशभूषा से सजा नजर आया। यह प्रतियोगिता न केवल मनोरंजन का माध्यम बनी, बल्कि छात्रों के आत्म-विश्वास, नेतृत्व और सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित करने वाली साबित हुई।

मुख्य अतिथि संस्थान निदेशक संजय अग्रवाल ने कहा 'गरबा ग्लो 2025' हमारे छात्रों की सांस्कृतिक चेतना और रचनात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। विद्यार्थियों ने जिस जोश और समर्पण से इसमें भाग लिया, वह सराहनीय है। ऐसे आयोजन उन्हें अकादमिक जीवन से परे भी व्यक्तित्व विकास का अवसर प्रदान करते हैं।'

प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा 'इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों के भीतर छिपी प्रतिभा को सामने लाने का अवसर प्रदान करते हैं। गरबा ग्लो 2025 ने न केवल हमें हमारी परंपरा से जोड़ा, बल्कि विद्यार्थियों को एकजुट होकर कुछ रचनात्मक करने की प्रेरणा भी दी। यह अनुभव अविस्मरणीय रहेगा।' कार्यक्रम में विभिन्न संकायों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विविध पुरस्कार प्रदान किए गए जिसमें बेहतरीन वेशभूषा, बेहतर तालमेल, बेहतर नृत्य प्रदर्शन, बेस्ट डान्सर मेल/फीमेल, बेस्ट कास्टयूम मेल/फीमेल जैसे विभिन्न वर्गो में विभिन्न पुरस्कार प्रदान किए गए।

# बुराई या अधर्म चाहे कितना भी विशाल क्यों ना हो अंत में उसका विनाश निश्चित है - मेघराज चंद्राकर

## भर्रेगांव में रामलीला का मंचन कर किया रावण दहन







राजनांदगांव(दावा)। ग्राम भर्रेगांव में नवरात्रि पर्व विजयादशमी का पर्व बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्षेत्रीय जनपद पंचायत सदस्य मेघराज (मेघा) चंद्राकर ने बताया कि दशहरा आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया, जिसमें गांव के ही कलाकार द्वारा भव्य रामलीला स्व.जवाहरलाल चंद्राकर समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से रामलीला का मंचन प्रतिदिन किया गया और रावण की भव्य पुतला गोलू पटेल के द्वारा बनाया गया था। जनपद सदस्य मेघा चंद्राकर ने आगे बताया कि गांव के शीतला मंदिर में नवरात्रि के दौरान प्रसादी वितरण, रावण दहन, रामलीला एवं मूर्ति विसर्जन माता के जस गीतों भजनों के साथ किया गया।

रावण दहन के दौरान जनपद सदस्य मेघराज चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि बुराई पर अच्छाई की जीत, सामाजिक कुरीतियों के अंत और सकारात्मकता के संदेशों का उद्बोधन देते हुए कहा कि लोगों को लोभ, अहंकार और अन्याय पर सच्चाई की विजय का संदेश देते हुए, स्वयं को बुराई से दूर रखने और समाज में अच्छाई का प्रसार करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बुराई पर अच्छाई की जीत रावण दहन के माध्यम से संदेश हैं कि बुराई या अधर्म चाहे कितना भी विशाल क्यों न हो, अंत में उसका विनाश निश्चित है और सच्चाई की जीत ही होती है।

# आदिकर्म योगी अभियान के तहत तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती पर ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा का हुआ आयोजन

## आदि कर्मयोगी अभियान के तहत ग्राम कार्य पुस्तिका तथा विजन प्लान 2030 का प्रस्तुतिकरण एवं अनुमोदन



राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के तहत जिले के विभिन्न ग्राम स्वच्छता अभियान चलाकर चौक-चौराहों की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत चयनित ग्राम पंचायतों में आदि सेवा पर्व शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत भवन में संचालित आदि सेवा केन्द्र के माध्यम से अनुसूचित जनजाति वर्ग के शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने आवेदन लिया गया तथा ग्राम सभा में प्राप्त आवेदनों का पात्रतानुसार निराकरण किया गया। जिसमें आदि कर्मयोगी अभियान के तहत ग्राम कार्य पुस्तिका तथा विजन प्लान 2030 का प्रस्तुतिकरण एवं अनुमोदन किया गया।

ग्राम सभा में ग्राम पंचायतों के विगत तिमाही के आय-व्यय की समीक्षा एवं अनुमोदन, पिछली वर्ष में विभिन्न योजनाओं में स्वीकृत कार्य के नाम, प्राप्त राशि, स्वीकृत राशि, व्यय राशि एवं कार्य की अद्यतन की स्थिति का वाचन किया गया। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजनांतर्गत ग्राम पंचायतों में ग्रामीण परिवारों द्वारा रोजगार की मांग तथा उपलब्ध कराये गये रोजगार की स्थिति की समीक्षा की गई। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत किये जाने वाले संपूर्ण कार्यों की सूची का वाचन किया गया। सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण एवं हितग्राहियों के सत्यापन के संबंध में कार्रवाई की गई।

# महिला सुरक्षा एवं लिंग समानता संबंधी अतिथि व्याख्यान





राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लूएन्स कॉलेज में समान अवसर प्रकोष्ठ, विशाखा महिला प्रकोष्ठ, एन.एस.एस तथा जिला महिला पुलिस, राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में महिला सुरक्षा विषय पर विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्राओं और सभी उपस्थित लोगों को महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करना, उनके कानूनी अधिकारों और सुरक्षा उपायों से अवगत कराना था। समता एवं समान अवसर प्रकोष्ठ का मुख्य उद्देश्य संस्थागत वातावरण में सभी व्यक्तियों को जाति, लिंग, धर्म, या किसी अन्य आधार पर भेदभाव और उत्पीड़न से मुक्त करते हुए, सभी के लिए समान अवसर और एक समावेशी माहौल सुनिश्चित करना है। इस प्रकोष्ठ के माध्यम से संस्थान में समता, सम्मान और सामाजिक न्याय को बढ़ावा दिया जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कॉलेज की प्राचार्य डॉ.रचना पांडेय ने अपने उद्बोधन में कहा, ''महिला सुरक्षा और लिंग समानता हमारे समाज की आधारशिला हैं। जब तक हर व्यक्ति को समान सम्मान और अवसर नहीं मिलेंगे, तब तक हम सच्चे सामाजिक विकास की कल्पना नहीं कर सकते। शिक्षा और जागरूकता से ही हम एक सुरक्षित और समावेशी समाज का निर्माण कर सकते हैं।''

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सब इंस्पेक्टर श्रीमती गीतांजलि सिंह, प्रभारी महिला थाना, सब इंस्पेक्टर शारदा बंजारे, प्रभारी रक्षा टीम, रेनू मेंश्राम, कौशल्या साहू, पुरण वर्मा, गोपेंद्र चैहान सहित पुलिस की टीम ने विशेष आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित सब इंस्पेक्टर श्रीमती गीतांजलि सिंह, प्रभारी महिला थाना ने कहा, ''महिला सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर नागरिक का दायित्व है। लिंग समानता तभी साकार हो सकती है जब हम सभी मिलकर भेदभाव, उत्पीड़न और हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाएं। जागरूकता और सहयोग से हम महिलाओं को सशक्त और सुरक्षित बना सकते हैं।'' मुख्य वक्ताओं ने महिला सुरक्षा से जुड़ी कानूनी प्रक्रियाओं, पुलिस सहायता, आत्मरक्षा के उपाय, साइबर सुरक्षा, घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर होने वाले उत्पीड़न एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को सतर्क रहने और अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया।

# पूरे प्रदेश में चौथे नंबर राजनांदगांव में 17327 फर्जी राशन कार्ड, रायपुर पहले नंबर पर



**प्रदेश में 46 लाख से अधिक राशन कार्ड धारक सदस्य संदिग्ध**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ में राशन कार्डों का बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। इसमें राजनांदगांव 17327 फर्जी राशन कार्ड के साथ चौथे नंबर पर है, वहीं रायपुर राजधानी 19,574 फर्जी राशन कार्ड के साथ पहले और दुर्ग 18,112 के साथ दूसरे नंबर पर है। वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत तैयार आंकड़ों की जांच में पता चला कि 46 लाख से अधिक सदस्य संदिग्ध हैं।

इनमें बड़ी संख्या ऐसे परिवारों की है, जिन्होंने डुप्लीकेट आधार कार्ड, मृत व्यक्तियों के नाम और फर्जी दस्तावेजों से राशन कार्ड में सदस्य जोड़ रखे थे। खाद्य विभाग की ओर से शुरू किए गए भौतिक सत्यापन अभियान में अब तक 1 लाख 93 हजार 67 फर्जी सदस्य चिन्हांकित कर उनके नाम काट दिए गए हैं। विभाग का मानना है कि यह कार्रवाई राशन वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाने और फर्जीवाड़ा रोकने के लिए बेहद अहम है।

रायपुर में सबसे ज्यादा में 19,574 फर्जी सदस्य उजागर हुए हैं। दुर्ग में 18,112, जांजगीर-चांपा में 17,529, राजनांदगांव में 17,327 और कोरबा में 16,064 भी गड़बड़ी वाले शीर्ष जिलों में शामिल हैं। सरगुजा में 15,626, बलौदाबाजार में 13,833, महासमुंद में 13,308, धमतरी में 10,937 और कवर्धा में 9,987 में भी बड़ी संख्या में नाम हटाए गए। दूसरी ओर गरियाबंद में 7,027 और कांकेर में 7,669 ऐसे जिले रहे, जहां अपेक्षाकृत कम फर्जी सदस्य मिले। जशपुर में 9,727, बालोद 8,925 और बेमेतरा 8,641 में भी गड़बड़ी सामने आई।

### अभी और हटेंगे 53 हजार नाम

जांच टीम के मुताबिक अभी करीब 53 हजार संदिग्ध सदस्यों की जांच बाकी है। इनमें मृतक, पलायन कर चुके लोग और फर्जी दस्तावेजों से जुड़े सदस्य शामिल हैं। इनके सत्यापन के बाद नाम निरस्त कर दिए जाएंगे।

## छत्तीसगढ़ को मिला पहला राष्ट्रीय राजमार्ग टनल, सालभर में पूरा हुआ निर्माण



रायपुर(दावा)। छत्तीसगढ़ ने आज बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने सिर्फ 12 महीनों में राज्य की पहली राष्ट्रीय राजमार्ग सुरंग (लेफ्ट हैंड साइड) का निर्माण कर लिया है। यह ब्रेकथ्रु इंजीनियरिंग की दृष्टि से महत्वपूर्ण होने के साथ-साथ आमजन के जीवन और राज्य के आर्थिक विकास को नई दिशा देने वाला है। 2.79 किलोमीटर लंबी यह टनल रायपुर-विशाखापट्टनम आर्थिक गलियारे (एनएच130 सीडी) का हिस्सा है, जिसे भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अभनपुर परियोजना कार्यान्वयन इकाई द्वारा निर्मित किया जा रहा है। यह ट्विन ट्यूब टनल जब पूरी तरह तैयार होगी, तो रायपुर से विशाखापट्टनम तक यात्रा का समय काफी कम होगा, व्यापार एवं उद्योग को गति मिलेगी और छत्तीसगढ़, ओडिशा व आंध्रप्रदेश के बीच संपर्क और मजबूत होगा।

# छत्तीसगढ़ के 25वें जन्मदिन पर पुलिस का 'ट्रैफिक-वार', सड़क सुरक्षा के लिए मेगा-प्लान लॉंच

## राजनांदगांव में 200 गुरुओं को दिया 'यातायात गुरुमंत्र', अब गुरुजी सिखाएंगे रोड-पाठ

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती महोत्सव (25वीं वर्षगांठ) के जश्न के बीच, राजनांदगांव की जांबाज यातायात पुलिस ने एक ऐसा जंग-ए-मैदान सजा दिया है, जिसकी चर्चा हर जुबान पर है। दिनांक 03 से 10 अक्टूबर 2025 तक चलने वाले इस महोत्सव के दौरान, दुर्घटनाओं के दानव को कुचलने के लिए आज, 04 अक्टूबर को अभूतपूर्व यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया है। पुलिस कप्तान मोहित गर्ग के सख्त निर्देश और अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के तेज मार्गदर्शन में, यातायात प्रभारी निरीक्षक नवरतन कश्यप की टीम ने शहर को जागरूकता के रंग में रंग दिया है।

### शहर भर में 'ट्रैफिक-बॉम्ब' - स्टिकर, बैनर, ऑटो ब्रांडिंग से हल्ला बोल

पुलिस ने सड़कों पर उतरकर ट्रैफिक-वार



छेड़ दिया है! हर चौक-चौराहे पर यातायात जागरूकता पाम्पलेट, स्टीकर, पोस्टर, फ्लैक्स बैनर और पॉकेट फोल्डर की भरमार कर दी गई है। लेकिन सबसे रोचक कदम है ऑटो स्टेपनी ब्राडिंग! अब शहर के ऑटो रिक्शा के पीछे लगा स्टेपनी टायर भी ट्रैफिक नियम चिल्ला-चिल्लाकर बताएगा! पुलिस का लक्ष्य साफ है, कोई भी नागरिक यातायात नियमों की अनदेखी न कर पाए।

### 200 शिक्षकों की 'ट्रैफिक पाठशाला'-ज्ञान का पावर-डोज़

इस अभियान का सबसे बड़ा धमाका हुआ बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल में। जूनियर रेडक्रास काउन्सलर प्रशिक्षण शिविर में जुटे लगभग 200 शिक्षकों को यातायात पुलिस ने ट्रैफिक नियमों का 'पावर-डोज़' दिया। अब ये 200 'ट्रैफिक गुरु' अपने छात्रों को और समाज को सुरक्षित सफर का पाठ पढ़ाएंगे। सड़क सुरक्षा अब केवल पुलिस का नहीं, बल्कि हर नागरिक का मिशन बन गया है।

### पुलिस की 'दो-टूक' अपील- खुद भी बचो, दूसरों को भी बचाओ

यातायात पुलिस ने कड़क शब्दों में आम जनता से अंतिम अपील की है कि वाहन चलाते समय नियमों का पालन करें। उनका मंत्र साफ है- 'स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों को दुर्घटनाओं से बचाएँ।' राजनांदगांव का यह 'रजत जयंती ट्रैफिक अभियान' यह साबित करता है कि पुलिस अब सिर्फ दंड देने में नहीं, बल्कि जीवन बचाने में यकीन रखती है।

# ओवरब्रिज व मोहारा बायपास रोड एक बार फिर हुआ खून से लाल

### नवरात्र के दस दिनों में सड़क हादसों में हुई दर्दनाक मौतें, चित्कार उठी मानवता

राजनांदगांव (दावा)। इस वर्ष शारदीय नवरात्रि पर्व का नौ दिन सड़क हादसों का नाम रहा। शहर के रेल्वे ओवर ब्रिज से लेकर मोहारा बायपास रोड एक बार फिर खून से लाल हुआ। दशहरा के दिन के दिन अपनी बेटी के यहां स्टेशन पारा आई 65 वर्षीय महिला को ओवरब्रिज में पिकअप वाहन ने अपने चक्के तले रौंदा डाला। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। इसी तरह शहर में दशहरा पर्व पर उमड़ने वाली भीड़ को व्यवस्थित करने पुलिस प्रशासन की गई बेरिकेटिंग व्यवस्था से बचने मोहारा बायपास से कन्हारपुरी की ओर जा रहे करमतरा के एक 20 वर्षीय युवक को रात के अंधेरे में अज्ञात वाहन ने कुचल दिया जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

बता दें कि नवरात्र पर्व पर सड़क हादसों में होने वाली मौतों का यह सिलसिला नवरात्रि के पहले दिन से ही नेशनल हाईवे के ग्राम मनकी के पास हुई सड़क हादसे में एक युवती की मौत से शुरू हो गई थी, जिसके बाद यह सिलसिला नवरात्रि पर्व की दशमी तिथि के दिन तक जारी रहा। नवरात्र के दस दिनों के पर्व में इस बार सड़क हादसों में कई परिवार की खुशियां लूट ली। 10 दिनों के पर्व में दर्जनभर मौते हुई। यह मौतें तेज रफ्तार वाहन चलाने के दौरान हुई। सड़कों में इस बार जगह-जगह हादसों से लाशें बिखरी रही। सड़कों के खूनी रंग में बदलने से मृत परिवारों को हमेशा के लिए असहनीय दर्द झेलना पड़ा।

### तेज रफ्तार वाहनों ने ली बेकसूरों की जान

नवरात्रि पर्व के दिनों हुई ज्यादातर सड़क हादसों में तेज रफ्तार वाहनों ने बे-समय लोगों को मौत के मुंह में ढ़केल दिया। बीते बुधवार और गुरुवार को तीन अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की जान चली गई। दो दिन के भीतर हुए इन हादसों में दो युवकों और एक बुजुर्ग महिला को अपनी जान गंवानी पड़ी।

बताते चलें कि नवरात्र के प्रारंभ होने के साथ ही मनकी में एक युवती और टेडेसरा में दो की सड़क हादसे में मौत हो गई। इसी तरह सुकुलदैहान और फरहद चौक में क्रमशः एक-एक व्यक्ति, मुरमुंदा में दो युवकों की, पाटेकोहरा के समीप नेशनल हाईवे में 3 लोगों की तथा बीते दो दिनों में चिखली के समीप एक बुजुर्ग महिला, पनेका के पास एक युवक और लखोली बायपास में एक युवक की जान चली गई।

### बायपास में तेज रफ्तार वाहन से कुचला गया युवक

मिली जानकारी के मुताबिक बीते बुधवार और गुरुवार को तेज रफ्तार के कारण तीन अलग-अलग जगहों में तीन लोगों की मौत हो गई। जिसमें चिखली के ओवरब्रिज के पास तेज रफ्तार मालवाहक ने 65 साल की वृद्धा को रौंद दिया। ग्राम उसरीबोड़ की रहने वाली विमलाबाई साहू अपने बेटी के घर स्टेशनपारा आई थी। गुरुवार दोपहर 1 बजे जब वह गांव जाने के लिए निकली, तभी ओवरब्रिज के पास खैरागढ़ की ओर से आ रही मालवाहक ने उसे अपने चपेट में ले लिया। उधर गुरुवार को ही दोपहर 2 बजे के आसपास पनेका चौक के पास रेवाडीह के रहने वाले 24 वर्षीय धनराज अहिरवार को एक भारी वाहन ने कुचल दिया। धनराज अपने दोस्त भीखम यादव के साथ काम से घर लौट रहा था। दोनों बाइक में सवार थे, तभी पनेका चौक के पास भारी वाहन ने ठोकर मार दी। हादसे में दोनों सड़क किनारे गिर गए। दोनों को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां धनराज की मौत हो गई। जबकि उसके साथी का उपचार जारी है। इसी तरह बुधवार की रात लगभग 11 बजे अपने मोहारा बायपास से होकर 20 वर्षीय समीर साहू पिता स्व. तोरण साहू बाईक से निजी काम से कन्हारपुरी आया था। अपने गांव करमतरा लौटने के दौरान लखोली बायपास में एक अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस तीनों हादसों की जांच कर रही है।

## आज सनसिटी में शरद पूर्णिमा का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। शहर की लोकप्रिय सोसाइटी सनसिटी में अध्यक्ष आनंद चोपड़ा के नेतृत्व में आज रविवार को शरद पूर्णिमा उत्सव में रात 8 बजे से अनेक प्रोग्राम रखे गए हैं। सरप्राइज गेम स्पेशल डांस ग्रुप अन्तशानी, धनवर्षा, हाऊजी, गरबा और सहयोगी परिवार के लिए पंजाबी ढाबा और प्रसादी के रूप में खीर रहेगी। इस उत्सव के प्रभारी दीप्ति बिंदल, पिंकी माहेश्वरी, रितिका तिवारी, अर्पित जेठानी, रुचि श्रीवास्तव, नीलम सोनी, मनीषा देवांगन, योगिता डागा, विभा गुप्ता, कल्पना अग्रवाल, धन वर्षा हाउजी के प्रभारी सुशील कृष्णा माहेश्वरी होंगे। इस कार्यक्रम के लिए राजेश डागा, अतुल चोपड़ा, लालू सांखला, दिलीप गोलछा, अशोक अग्रवाल, प्रवीण गुप्ता, राजेश गुप्ता, योगेश कोटक, कीर्ति भोजनी का सहयोग मिल रहा है। उक्त जानकारी पीआरओ मनीष सहिता व कुणाल शर्मा ने दी।

# तेजकरण जैन ने एक और सम्मान अपने नाम किया...

### आचार्य विद्यासागर पत्रकारिता पुरस्कार से सम्मानित होंगे



राजनांदगांव (दावा)। तेजकरण जैन कोई अनजाना नाम नही है। छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण, ग्रैंडमास्टर का इंडियन फिलेटली, भगवान गौतम बुद्ध फैलोशिप को हासिल करने वाले श्री जैन ने गाय एवं गुरु के महत्व को लेकर अपना व्यक्तिगत अभियान के जरिये अपनी पहचान बनाई। अब जैन को सूरत में प्रशम मूर्ति अजीतसागर ससंघ पावन निश्रा में श्री सकल दिगंबर जैन समाज, अविजित समूह सूरत द्वारा आचार्य विद्यासागर पत्रकारिता पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि यह सम्मान उन्हें आचार्य विद्यासागर महामुनिराज पर राष्ट्रीय स्तर का अद्भुत एवं अनूठा संकलन जो शोध प्रबंधन तुल्य है के लिए दिया जा रहा है। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में श्री जैन के अलावा चयनित भारत के सात विशिष्ट जनों को भी सम्मानित किया जाना है। सूरत महानगर में परमपूज्य आचार्य विद्यासागर महाराज के परम शिष्य एवं आचार्य समयसागर महाराज के आशीर्वाद से निर्यापक श्रमण मुनिश्री अभयसागर महाराज प्रेरणा से प्रशममूर्ति मुनि अजितसागर महाराज, मुनि नीरागसागर महाराज, एलक विवेकानंदसागर महाराज के सान्निध्य में विद्यानंदी स्वामी दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र कतारगाम-सूरत में 5 से 7 अक्टूबर 2025 तक त्रिदिवसीय विद्यागुरु उपकार महोत्सव में 7 अक्टूबर 2025 को तेजकरण जैन आचार्य श्री जी के विषय पर पत्रकारिता की अनुशंसा हेतु आचार्य विद्यासागर पत्रकारिता पुरस्कार अविजित समूह ग्रुप एवं सकल दिगम्बर जैन समाज प्रदान किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अमित शाह के साथ माँ दंतेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश-प्रदेश की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली का मांगा आशीर्वाद



रायपुर (दावा)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जगदलपुर स्थित बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने मां दंतेश्वरी से देश और प्रदेश की सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, बस्तर सांसद एवं बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष महेश कश्यप, कांकेर सांसद भोजराज नाग, जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव, चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, कोंडागांव विधायक सुलता उसेंडी, दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, कांकेर विधायक आशाराम नेताम सहित जनप्रतिनिधिगण एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे.





**भूखंड बेचना है**

खसरा नंबर 114/118 का 5000 स्क्वेयर फीट का डायवर्सन किया हुआ भूखंड, पुराना ढाबा रोड शांतिनगर गली क्रमांक -3 राजनांदगाव में MD ग्रुप धुमाल के सामने (गूगल मैप लोकेशन पर) बेचना है।

अधिक जानकारी इस मोबाईल नंबर पर 9977073256 सम्पर्क करें।

नोट :- अलग-अलग साईज में भी भूखंड दिये जा सकते है।

**दशहरा के शुभ अवसर पर विशेष छूट नारी सुहाग में विश्वास का प्रतीक**

थोक व चिल्हर विक्रेता (Less Then MRP)

**चांदनी सुहाग भण्डार एवं जनरल स्टोर्स**

गुड़ाखू लाईन राजनांदगांव (छग)

मो. - 9302435886,9827951560

**आवश्यकता है**

प्रेस में रात्रिकालीन मशीन में कार्य करने हेतु हेल्पर आवश्यकता है।

-: संपर्क :-
दैनिक 'दावा' कार्यालय
बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो.- 93004-14726








स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com